Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 323 | बुधवार, 26 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## पीएम ने फहराया धर्म ध्वज, दिया सनातन स्वाभिमान का संदेश

# शिखर पर धर्मध्वजा



**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर में ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। पीएम मोदी ने आधे घंटे के शुभ मूर्हत में ध्वजा फहराई। इस मौके पर देश-दुनिया के विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। अयोध्या ने आज एक और ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनकर दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। निर्धारित शुभ मुहूर्त में प्रधानमंत्री ने राम मंदिर के मुख्य शिखर पर धर्मध्वज फहराया। जैसे ही केसरिया ध्वज पवन के संग लहराया, पूरा परिसर ह्यजय श्री रामह्ल के उद्घोष से गूँज उठा। क्षण भर में वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया और श्रद्धालुओं की भावनाएँ उमंग में बदल गईं। धर्मध्वज फहराने से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यापक पूजन-अर्चन सम्पन्न हुआ। यज्ञकुंडों से उठती आहुतियों की सुगंध और नगाड़ों की गूँज ने समारोह को भव्यता प्रदान की। पीएम ने ध्वजारोहण कर राष्ट्र को सनातन परंपरा की अखंडता, आस्था और सांस्कृतिक स्वाभिमान का संदेश दिया। इस अवसर पर देश-दुनिया से आए संत-महंत, विशिष्ट अतिथि और हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच राम नगरी उत्सव के रंग में डूबी रही। मंदिर परिसर से लेकर सरयू तट तक हर ओर दीप, पुष्प और रंगोलियों से सजा माहौल इस ऐतिहासिक उत्सव का साक्षात अनुभव करा रहा था। चार से पांच मिनट के संक्षिप्त ध्वजारोहण अनुष्ठान में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर ध्वज फहराया। सात हजार अतिथि समारोह के साक्षी बने।, जिनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, , धर्मगुरु, व्यापार जगत के प्रमुख नाम, दलित, वंचित, किन्नर और अघोरी समुदाय के प्रतिनिधि शामिल रहे। राम मंदिर के 161 फीट ऊंचे दंड पर सोना मढ़ा गया है। करीब 21 किग्रा सोना, इस दंड पर लग रहा है। इस काम को मुंबई से आए कारीगरों ने पूरा किया है। बता दें कि पांच अगस्त, 2020 को जिस भूमि तल पर पीएम नरेंद्र मोदी ने भूमि पूजन किया था, शिखर के नाभि दंड का निर्माण उसी स्थल पर किया गया है। यह भूमि पूजन भूमि की सतह से करीब 50 फीट नीचे किया गया था। वर्तमान में इसकी ऊंचाई शिखर तक है, जो कि सतह से 161 फीट ऊंचा है। इस तरह नाभि दंड की कुल ऊंचाई 211 फिट है। फिलहाल इस नाभि दंड की कुल लंबाई में भूमि तल से ऊपर दिखाई दे रहे दंड को स्वर्ण मंडित किया जा रहा है। इस नाभि दंड की नाप-जोख पहले हो गई थी। उसी नाप-जोख के अनुसार मुंबई के कारीगर यहां दंड का आवरण लेकर राम मंदिर में आए हैं और नाभि दंड पर स्वर्ण का आवरण चढ़ाया गया है। राम मंदिर के पश्चिम दिशा में इस नाभि दंड को देखा जा सकता है जिस पर आधे से अधिक लंबाई में स्वर्ण पत्तल चढ़ा दिया गया है।

**21** किलो सोना राम मंदिर के ध्वज दंड पर मढ़ा



श्रीराम मंदिर अयोध्या में धर्म ध्वज स्थापना समारोह के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अभूतपूर्व स्तर पर सुरक्षा घेरा तैयार किया गया था। मंगलवार को भी सेना के हेलीकाप्टर ने अयोध्याधाम का हवाई निरीक्षण किया। सुरक्षा योजना के अंतर्गत उच्च पदस्थ अधिकारियों को रणनीतिक नेतृत्व के लिए तैनात किया गया है। सुरक्षा की कमान एटीएस व एनएसजी ने संभाली हुई थी। 6970 सुरक्षा कर्मियों का सुरक्षा घेरा से लेकर साइबर टीम तक मुस्तैद रही। एंटी-ड्रोन सिस्टम, स्नाइपर ड्यूटी, 90 तकनीकी विशेषज्ञों की तैनाती की गई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों, क्षेत्रीय अधिकारियों और निरीक्षकों की संख्या उल्लेखनीय है। विशेष सुरक्षा इकाइयों के रूप में बम डिटेक्शन टीम, डॉग स्क्वॉड, वीवीआईपी सुरक्षा निरीक्षण दल, ट्रैफिक प्रबंधन यूनिट, फायर यूनिट तथा रिस्पॉन्स टीम की जिम्मेदारी संवेदनशील बिंदुओं पर सुनिश्चित की गई। तकनीकी उपकरण जैसे माइंस टीम, बीडीएस यूनिट, एक्स-रे स्कैनिंग मशीन, सीसीटीवी मॉड्यूल, हाई रिस्पॉन्स वैन, पेट्रोलिंग यूनिट और एंबुलेंस यूनिट्स को भी नियुक्त किया गया। विशेष जांच के लिए हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्शन डिवाइस, वाहन माउंटेड स्कैनर तथा बैगेज एक्सरे स्कैनर का प्रावधान सुनिश्चित किया गया।

पीएम मोदी ने कहा, अभी गुलामी की इस मानसिकता ने डेरा डाला हुआ है। हमने नौसेना के ध्वज से गुलामी की मानसिकता को हटाया। ये गुलामी की मानसिकता ही है, जिसने राम को नकारा है। भारतवर्ष के कण कण में भगवान राम हैं। लेकिन, मानसिक गुलामी ने राम को भी काल्पनिक बता दिया। आने वाले एक हजार वर्ष के लिए भारत की नींव तभी मजबूत होगी, जब आने वाले 10 साल में हम मैकाले की गुलामी से छुटकारा पा लेंगे। 21वीं सदी की अयोध्या विकसित भारत का मेरुदंड बनकर उभर रही है। पीएम मोदी ने कहा, तमिलनाडु के एक गांव में शिलालेख पर बताया है कि कैसे सरकार चुनती थी, कैसे शासन चलता था।

### भव्य आयोजन से गदगद श्रद्धालु

### इसलिए दिया गया कोविदार ध्वज का नाम

कोविदार ध्वज के नाम से जाना जाएगा। इस ध्वज पर कोविदार वृक्ष का चिन्ह अंकित है। इसके साथ सूर्य और ऊं के चिन्ह को भी ध्वज में स्थान मिला है। कोविदार वृक्ष अयोध्या के रघुकुल वंश का प्रतीक चिन्ह है। सूर्यवंशी होने के नाते ध्वज में सूर्य के चिन्ह को स्थान दिया गया है। कोविदार वृक्ष श्रीराम के रघुवंश का प्रतीक चिन्ह है। इसे उनके वंश के तप और त्याग के प्रतीक के रूप में राम मंदिर के शिखर पर स्थान दिया जा रहा है।



### भागवत बोले जिन्होंने प्राण दिए उनकी आत्मा तृप्त होगी



इस मौके पर सर संघचालक मोहन भागवत ने कहा कि आज हम सबके लिए सार्थकता का दिन है। इसके लिए जितने लोगों ने प्राण न्योछावर किए, उनकी आत्मा तृप्त हुई होगी। अशोक जी को वहां पर शांति मिली होगी। आज मंदिर का ध्वजारोहण हो गया। राम राज्य का ध्वज जो कभी अयोध्या में फहराता था, आज वह फहरा गया है। इस भगवा ध्वज पर रघुकुल का प्रतीक कोविदार वृक्ष है। यह वृक्ष रघुकुल की सत्ता का प्रतीक है। यह वह वृक्ष है जिसके लिए कहा जाता है, कि वृक्ष सबके लिए छाया देते हैं, स्वंय धूप में खड़े रहकर, फल भी दूसरों के लिए देते हैं। जाते जितनी कठिनाईयां हों, सूर्य भगवान उस संकल्प का प्रतीक है। इसमें सिर्फ एक ही पहिया है। जैसे सपना उन लोगों ने देखा था, बिल्कुल वैसा ही या यूं कहें कि उससे भी भव्य मंदिर बन गया है।

### सीएम बोले- यह हमारे लिए गौरव का दिन



सीएम योगी ने कहा कि ध्वजारोहण उस सत्य का उद्घोष है कि धर्म का प्रकाश अमर है और रामराज्य के मूल्य कालजयी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में जब नेतृत्व संभाला था, उसी दिन कोटि-कोटि भारतवासियों के मन और हृदय में जिस संभावना, संकल्प व विश्वास का सूर्योदय हुआ, आज वही तपस्या, अनगिनत पीढ़ियों की प्रतीक्षा आपके कर कमलों के माध्यम से साकार होकर भव्य राम मंदिर के रूप में भारतवासियों व सनातन धर्मावलंबियों के समक्ष है। श्रीराम मंदिर पर फहराता केसरिया ध्वज धर्म, मयार्दा, सत्य-न्याय व राष्ट्रधर्म का भी प्रतीक है। यह विकसित भारत की संकल्पना का प्रतीक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता। सभी ने 11 वर्ष में बदलते भारत को देखा है। हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं, जहां विकास और विरासत का बेहतरीन समन्वय है। यह इसे नई ऊंचाई प्रदान कर रहा है।

## संपादक की कलम से

# ही मैन दिवंगत नहीं

आम आदमी का सुपर स्टार, खूबसूरती का प्रतीक, यूनानी देवता–सा, दिलीप कुमार का ही मैन, शबाना आजमी का बहुमूल्य मर्द, जिंदा दिल इनसान, दयालु, ईमानदार, मिलनसार और मददगार आत्मा का प्राणीङ्कऐसे शख्स का अंत कैसे हो सकता है? वह दिवंगत कैसे हो सकता है? उसके कला–युग का अध्याय समाप्त कैसे माना जा सकता है? बेशक धर्मेन्द्र का पार्थिव शरीर अब हमारे बीच टहलता–घूमता दिखाई न दे, लेकिन 300 से अधिक फिल्मों में उन्होंने जो किरदार निभाए हैं, वे तो अजर, अमर, अनंत हैं। उन्हें दिवंगत कौन और कैसे कर सकता है? धर्मेन्द्र उस दौर में फिल्मों में आए, जब दिलीप कुमार, राजकपूर, देवानंद, राजकुमार आदि अभिनेताओं का वर्चस्व था। लोग उनके अभिनय के कायल थे। वे जीवंत कथानक थे, जिनके इर्द–गिर्द फिल्में बुनी जाती थीं। धरम जी ने उनके बीच बंदिनी, सत्यकाम, अनुपमा, फूल और पत्थर सरीखी फिल्मों के जरिए अपना स्थान बनाया। धर्मेन्द्र को नाचना नहीं आता था अथवा यूं कहा जाए कि उनके नृत्य की शैली और अंदाज निराले थे। लगभग अमिताभ बच्चन की तर्ज परङ्क! देश के आम आदमी और दर्शक ने उसी रूप में धर्मेन्द्र को स्वीकार किया, मान्यता दी और सुपर स्टार बनाया। राजेश खन्ना बॉलीवुड के प्रथम सुपर स्टार घोषित किए गए। धर्मेन्द्र तब भी प्रासंगिक बने रहे। छह दशकों से लंबे करियर में उन्होंने 32 फिल्में स्वर्ण जयंती और 107 फिल्में रजत जयंती वाली दीं। यानी एक साथ 25 और 50 सप्ताह फिल्म, एक ही थियेटर में, चला करती थी। आज वह चलन और स्थायित्व लगभग समाप्त हो चुका है। अमिताभ बच्चन के यंग एंग्रीमैन का जादू सिने दर्शकों पर छाने लगा था, तो वह सदी के महानायक बन गए, लेकिन आम आदमी और दर्शकों के महानायक, सही मायनों में, धर्मेन्द्र ही बने रहे। उनके अभिनय और किरदारों के आयाम इतने व्यापक और विविध थे कि क्या ऐसा कलाकार कभी दिवंगत हो सकता है? धर्मेन्द्र ने परदे पर 10–15 गुंडों की एक साथ धुनाई की, तो वह यथार्थ लगा। दर्शक को एहसास होता था कि ही मैन ऐसी पिटाई कर सकता है। उन्होंने संजीदा भूमिकाएं भी निभाईं और आंखों में आंसू भी दिखे। वह आशिक मिजाज भी थे, लिहाजा उनके रोमांटिक किरदार भी प्रेम करते लगते थे। धरम जी कई बार इंडियन आइडल के मंच पर आए। उस दौरान उनका शायराना किरदार भी सामने आया। धर्मेन्द्र की कॉमेडी बड़ी सहज, सरल, गुदगुदा देने वाली होती थी। इस संदर्भ में कोई भी ऋषिकेश दा की फिल्म चुपके–चुपके के परिमल त्रिपाठी को भूल नहीं सकता। यकीनन धर्मेन्द्र का फिल्मी करियर बहुआयामी था। क्या ऐसा व्यक्तित्व दिवंगत हो सकता है? मानव शरीर क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा इन पंचतत्त्वों का बना है। उनका दाह–संस्कार कर दिया गया, लेकिन एक कलाकार की कला के जो साक्ष्य आज भी हमारे साथ हैं, वह कैसे मर सकता है? जिस तरह वह पंजाब के एक छोटे–से गांव से आकर बॉलीवुड में स्थापित हुए थे और एक युग के रचनाकार बन गए थे, उसी तरह धर्मेन्द्र युवा पीढ़ी के पंजाबियों के सपनों को बखूबी जानते थे, लिहाजा उनका घर उन स्वप्नजीवियों का भी मिनी पंजाब होता था। एक महानगर में एक छत, आवास, खान–पान और सोने को बिस्तर धरम जी ने न जाने कितनों को मुहैया कराए। वे संघर्ष के दौर के बाद अभिनेता भी बने, लेकिन धरम जी घर के बुजुर्ग की छाया सरीखे बने रहे। निश्चित रूप से वह किसी भी तरह के अहंकार से परे, सिर्फ मानवीय थे। बेशक आज वह पार्थिव तौर पर दिवंगत हो चुके हैं, लेकिन आज हमें गम नहीं करना चाहिए। यह उत्सव, समारोह का समय है। धरम जी ने 89 लंबे सालों की भरी–पूरी जिंदगी जी। भरा–पूरा परिवार है। एक अविस्मरणीय विरासत है, लेकिन उन चेहरों पर, उनके विवेक पर, कोफ्त होती है, जिन्होंने धर्मेन्द्र को दादा साहब फाल्के सम्मान के लायक नहीं समझा। यह फिल्मी सर्वोच्च सम्मान उन्हें 10–15 साल पहले ही मिल जाना चाहिए था।



ललित शर्मा
संपादक

# नेहरू से बसाया, राजीव-लोंगोवाल समझौते ने उलझाया, चंडीगढ़ पर अनुच्छेद 240 के सहारे क्या कोई बड़ा गेम करने वाले हैं मोदी-शाह?



यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती है टूटे, टेढ़े, ढीले दांत! 16 अगस्त 1946 की एक तारीख हिन्दुस्तान की आजादी के इतिहास की ऐसी ही तारीख है जिसने बंटवारे की हकीकत पर मुहर लगा दी। जुलाई 1947 में जब भारत जैसे विशाल देश को दो हिस्सों में बांटा जाने लगा तो इंग्लैंड ने वकील सिरील रेडक्लिफ को ये जिम्मेदारी दी। जबकि इससे पहले उन्होंने ऐसा कोई काम किया ही नहीं था। आनन फानन में ब्रिटेन से बुलाए गए सिरील रेडक्लिफ से कहा गया था कि भारत के दो टुकड़े करने हैं। रेडक्लिफ न कभी भारत आए थे, न यहाँ की संस्कृति की समझ थी, बस भारत को बांटने का ज़िम्मा उन्हें सौंप दिया गया था। वो चाहते थे कि लाहौर को भारत के पास जाना चाहिए लेकिन उनके सामने एक मजबूरी आ गई। वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप नैय्यर ने जब रेडक्लिफ से इस बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के हिस्से में कोई बड़ा शहर नहीं था। मैंने कोलकाता जैसे बड़े शहर को पहले ही भारत के लिए चुन लिया था। इसलिए लाहौर पाकिस्तान को दे दिया। भारत के हिस्से आए पंजाब से लाहौर छीन चुका था और अब सबसे बड़ी समस्या यह थी कि भारत के हिस्से आए पंजाब की राजधानी अब कौन सा शहर बनेगा क्योंकि पंजाब के पास ना तो कोई राजधानी थी और ना ही कोई दफ्तर या ठिकाना। ऊपर से बंटवारे के बाद शरणार्थियों का आना लगातार जारी था। साल 1947 से 51 के बीच करीब 75 लाख हिंदू और सिख पाकिस्तान से पंजाब की तरफ पलायन कर गए। इनके पास ना अपनी जमीन थी और ना ही कोई ठिकाना। ऐसे माहौल में भारत सरकार और नेहरू के सामने दो बड़ी चुनौतियां थी। पहली चुनौती थी पंजाब के किस शहर को उसकी राजधानी बनाया जाए और दूसरी पाकिस्तान से आए शरणार्थियों को कहां बसाया जाए। इन्हीं दो सवालों ने एक शहर को जन्म दिया जिसे सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ कहा जाता है। चंडीगढ़ को आर्टिकल 240 के दायरे में लाने की खबरों के बीच राजनीति गरमा गई है लेकिन गृह मंत्रालय ने आधिकारिक बयान जारी कर इस विवाद पर रोक लगाने की कोशिश की है। ऐसेपंजाच से छीनने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। ऐसे में आइए जानते हैं कि क्या है चंडीगढ़ की पॉलिटिकल हिस्ट्री जिसमें पहले पंजाब और हरियाणा इस पर हक जताते थे। आखिर क्यों नेहरू से लेकर इंदिरा और फिर राजीव तक इस मसले को नहीं सुलझा सके। अब चंडीगढ़ किस वजह से चर्चा में है। चंडीगढ़ शहर साल 1952 में पंडित जवाहरलाल नेहरू के दौर में बसाया गया था। उस वक्त पेप्सू स्टेट की राजधानी पटियाला हुआ करती थी, जबकि पूर्वी पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ को बनाया गया। साल 1956 में दोनों को मिलाकर पंजाब राज्य बना और साल 1966 तक चंडीगढ़ पंजाब की राजधानी थी। चंडीगढ़ को लेकर दावा उसी साल शुरू हुआ था, जब हरियाणा राज्य अस्तित्व में आया और पंजाब राज्य पुनर्गठन अधिनियम के तहत चंडीगढ़ को यूटी घोषित कर दिया गया।

**अनुच्छेद 240 क्या है?**

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 240 देश के राष्ट्रपति को खासकर केंद्र शासित प्रदेशों में शांति, विकास और व्यवस्था सुनिश्चित करने का अधिकार देता है। यह अंडमान और निकोबार, लक्षद्वीप, दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव के साथ ही पुडुचेरी जैसे अन्य बिना विधानसभा वाले केंद्र शासित प्रदेशों पर लागू होता है। चंडीगढ़ का प्रशासन फि लहाल पंजाब के राज्यपाल के अधीन है। राज्यपाल राज्य के मंत्रिमंडल की सलाह पर काम करते हैं तो इस तरह से चंडीगढ़ से जुड़े मामलों पर पंजाब सरकार का परोक्ष दखल होता है। लेकिन अगर यह एलजी के अधीन आ गया तो यह आशंकाएं है कि यह अन्य केंद्र शासित प्रदेशों की तरह केंद्र के अधीन आ जाएगा।

**राजीव-लोंगोवाल समझौता**

साल 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और संत हरचरण सिंह लोंगोवाल के बीच एक ऐतिहासिक समझौता हुआ था। इस समझौते के तहत भी चंडीगढ़ पूरी तरह पंजाब को मिलना था और हरियाणा को अपनी अलग राजधानी बनानी थी। राजीव-लोंगोवाल समझौते में नई राजधानी और पानी के बंटवारे के साथ ही कुछ अन्य बातें भी थीं, जिसे पंजाब और हरियाणा में से किसी ने नहीं माना।

**क्या है ताजा विवाद**

दरअसल, विवाद तब बढ़ा जब संसद की बुलेटिन में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2025 का जिक्र सामने आया। इस बिल में चंडीगढ़ को आर्टिकल 240 में शामिल करने का प्रस्ताव था, जिससे राष्ट्रपति को चंडीगढ़ के लिए सीधे नियम बनाने का अधिकार मिल जाता। कई राजनीतिक दलों ने आशंका जताई कि इससे चंडीगढ़ का प्रशासन पंजाब के हाथों से निकलकर एक स्वतंत्र प्रशासक के हाथों में चला जाएगा। विवाद बढ़ता देख मंत्रालय ने स्पष्ट कहा कि केंद्र केवल चंडीगढ़ के लिए कानून बनाने की प्रक्रिया को आसान बनाने पर विचार कर रहा है। गृह मंत्रालय ने यह भी साफ किया कि इस प्रस्ताव से चंडीगढ़ की मौजूदा प्रशासनिक व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं होगा और न ही पंजाब या हरियाणा के पारंपरिक संबंधों पर कोई असर पड़ेगा। चंडीगढ़ से जुड़े बिल को लेकर जिस तरह माहौल गर्म हो गया और तुरंत गृह मंत्रालय की सफाई आई है उससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि केंद्र सरकार इस पर कदम फूंक फूंक कर रखेगी। 2027 में पंजाब में विधानसभा चुनाव होने हैं। वहां बीजेपी की स्थिति पहले से ही अच्छी नहीं है। अकाली दल से अलग होने के बाद बीजेपी वहां अपना संगठन मजबूत करने की कोशिश कर रही है। लेकिन यहां उसे अकाली दल, आम आदमी पार्टी, कांग्रेस सबसे मुकाबला करना है।

**क्यों अहम है मुद्दा?**

चंडीगढ़ का मुद्दा पंजाब की अस्मिता से जुड़ा मुद्या है। इसे विपक्षी दल क्षेत्रीय अस्मिता के मुद्दे के तौर पर इस्तेमाल करेंगे तो पंजाब में बीजेपी की दिक्कत बढ़ सकती है। 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी यहां दो सीट ही जीत पाई थी और वोट शेयर करीब 6 पर्सेंट रहा था। प्रस्तावित बिल का मुद्दा अगर आगे बढ़ता है तो विपक्षी दल बीजेपी की पंजाब विरोधी छवि बनाएंगे, जो उसे नुकसान पहुंचा सकती है। इस प्रस्तावित बिल को संसद के आने वाले शीतकालीन सत्र में पेश करने के लिए लिस्ट किया गया था। इस खबर के बाद, खासकर पंजाब के नेताओं ने इसका कड़ा विरोध किया और इसे पंजाब के अधिकारों पर हमला बताया।

**विपक्ष ने लगाया चंडीगढ़ को छीनने का आरोप**

कांग्रेस के सीनियर नेता जयराम रमेश ने इस घटनाक्रम पर केंद्र सरकार की कार्यशैली पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि संसद की बुलेटिन में अचानक बिल की एंट्री डाल दी गई, जिससे चंडीगढ़ के प्रशासनिक ढांचे में बदलाव की आशंका पैदा हुई, जबकि पंजाब लंबे समय से चंडीगढ़ को अपने अधिकार क्षेत्र से जुड़ा मानता है। आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल, शिअद नेता हरसिमरत कौर बादल और कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा जैसे कई नेताओं ने रविवार को केंद्र सरकार की आलोचना की। इन्होंने केंद्र सरकार पर चंडीगढ़ को पंजाब से छीनने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

मोनिका डागा

धरम जी (श्रद्धांजलि)

कविता



जीवन जिसका कोई अनोखा संदेश दे जाए वो तो अमर हो
जाता है सभी की यादों में अक्सर,
अपनी मिट्टी अपनी जड़ों से होता है जो जुड़ा वो सब पर छोड़
जाता है एक अद्भुत करिश्माई असर ।

ऐसे ही बिरले व्यक्तित्व वाले इंसान थे धरम जी प्रशंसकों ने उन्हें
प्रेम से बुलाया ही मैन, धरम गरम,
अपने आकर्षक रूतबे, रूहानी दिलकश अंदाज से उनके
चाहने वालों की संख्या सीमा है चरम ।

नवासी साल के अपने जीवन काल में उन्होंने जिया जीवन के
हर उतार–चढ़ाव को गुनगुनाहट से,
छोड़ गए वो अपनी छवि के कई सारे प्यारे किस्से गले लगा
मृत्यु को भी ₹आनंद₹ मुस्कुराहट से ।

अपनी ही मृत्यु की खबर को देख और सुनकर वो माया नगरी
के मायाजाल से नहीं हुए विस्मित,
एक अलग कहानी कह गए ईश्वर का बुलावा न आए दुनिया के
दांव पेंचों से नहीं होना विचलित ।

जाना तो है सबको एक दिन इस जग से उनको भी था इस सत्य
का भली–भांति पूर्णतया अहसास,
अपने जीवन के हर दिन को उन्होंने बनाया कभी परिवार कभी
सभी चाहने वालों के लिए बेहद खास ।

एक युग का अंत नहीं ये तो इसी कलयुग की है एक जीती–
जागती शिक्षाप्रद बड़ी अनोखी मिसाल,
कह गए धरम जी सबसे बॉटना सीखो खुशियॉ खुद पर करो
यकीन हर एक दिन है बेहद खास ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# भारत-कनाडा के रिश्तों में नई गर्माहट बड़े बदलाव का संकेत



ललित गर्ग



भारत और कनाडा के रिश्तों पर पड़ी बर्फ धीरे-धीरे पिघल रही है और दोनों देशों के बीच एक नए विश्वास, सहयोग और साझेदारी का वातावरण आकार ले रहा है। वैश्विक राजनीति के बदलते स्वरूप, व्यापारिक हितों और तकनीकी साझेदारियों की बढ़ती जरूरतों ने दोनों देशों को पुनः संवाद और सहयोग की राह पर लौटने के लिए प्रेरित किया है। जून से शुरू हुआ यह सकारात्मक बदलाव अब व्यापक रूप में दिखाई देने लगा है, जिसका संकेत हाल ही में की गई द्विपक्षीय बैठकों, उच्चस्तरीय संपर्कों और आर्थिक सहयोग की घोषणाओं में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। भारत के केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक ले जाने के लक्ष्य एवं कनाड़ा द्वारा अब नागरिकता के बंद दरवाजे खोलने की घोषणा इस परिवर्तन की गहराई और व्यापकता को रेखांकित करती है। यह लक्ष्य केवल व्यापार बढ़ाने का संकल्प मात्र नहीं है बल्कि यह उस नये दौर की प्रतीकात्मक दस्तक है जिसकी ओर दोनों देश बढ़ रहे हैं और इससे दोनों देशों को फायदा होगा। पिछले कुछ समय में भारत और कनाडा के रिश्तों में जिस तरह तनाव और अविश्वास ने जगह बनाई थी, वह दोनों देशों के लंबे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और जन-आधारित संबंधों के विपरीत था। खालिस्तान मुद्दे पर कनाडा में बढ़ती गतिविधियों, राजनीतिक आरोपों-प्रत्यारोपों और न्यायिक प्रक्रियाओं ने दोनों देशों के रिश्तों में गहरी खटास पैदा की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बीच दूरी सार्वजनिक रूप से दिखाई देती थी और कूटनीतिक संवाद लगभग ठहर-सा गया था। जस्टिन ट्रूडो ने राजनीतिक दबाव एवं स्वार्थ के चलते भारत से ऐतिहासिक संबंधों को धुंधलाया, जिसका खामियाजा उन्होंने भुगता भी है। लेकिन अब नई सरकार के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने नये जोश, आत्मीयता एवं संवेदनाओं के साथ भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। बदलती वैश्विक परिस्थितियों, व्यापारिक अवसरों के विस्तार और नई आर्थिक-रणनीतिक जरूरतों ने दोनों पक्षों को यह अहसास कराया कि रिश्तों का ठहराव किसी भी तरह से फायदेमंद नहीं है। इसी समझ ने दोनों देशों को संवाद के नये पुल बनाने और पुराने अवरोधों को पीछे छोड़ने की दिशा में आगे बढ़ाया।

नरेंद्र मोदी और मार्क कार्नी की जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई मुलाकात इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुई। यह मुलाकात भले ही मुख्य सत्रों के इतर हुई, लेकिन उसका संदेश अत्यंत गहरा और दूरगामी था। यहां दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश और टेक्नोलॉजी इनोवेशन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। भारत और कनाड़ा के पास डिफेंस, स्पेस, क्रिटिकल मिनरल्स, एनर्जी और एजुकेशन समस्त कई क्षेत्रों में सहयोग एवं सहमति बढ़ाने के मौके हैं। यह सहमति केवल औपचारिकता नहीं बल्कि रिश्तों को एक नए मोड़ पर लाने का संकेत थी। कनाडा एक उभरती हुई टेक्नोलॉजी शक्ति है और भारत विश्व की सबसे बड़ी तकनीकी प्रतिभा का केंद्र बन चुका है। ऐसे में दोनों देशों के बीच टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, स्टार्टअप्स, ऊर्जा और शिक्षा के क्षेत्र में अपार संभावनाएँ हैं जिनकी दिशा अब खोली जा रही है। वैसे भी भारत के स्टूडेंट्स के लिये अब भी कनाड़ा सबसे पसंदीदा जगहों में एक हैं। कनाडा अपने नागरिकता कानून में भी बदलाव करने जा रहा है, उससे भी भारतीयों को फायदा होने की व्यापक संभावनाएं है। पीयूष गोयल के वक्तव्य में दिखती आर्थिक साझेदारी की दृष्टि इस बात का परिचायक है कि भारत और कनाडा अब केवल राजनीतिक संवाद से आगे बढ़कर व्यावहारिक सहयोग के नए आधार बना रहे हैं। 50 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य बेहद महत्वाकांक्षी है, लेकिन यह उन आर्थिक संभावनाओं का वास्तविक अनुमान भी है जो दोनों देशों की नीतियों, संसाधनों और क्षमताओं में मौजूद है। भारत कनाडा के लिए एक विशाल बाजार है और कनाडा भारत के लिए एक महत्वपूर्ण ऊर्जा, खनिज, कृषि और तकनीकी साझेदार। इसी परस्पर निर्भरता और जरूरत ने दोनों देशों को फिर से एक-दूसरे की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है। अब जरूरी है कि विभिन्न स्तरों पर बातचीत जारी रखते हुए जल्द समझौते तक पहुंचा जाये। हाल के वर्षों में दुनिया बहुध्रुवीय स्वरूप की ओर बढ़ रही है। अमेरिका, यूरोप, चीन, रूस और पश्चिम एशिया जैसे शक्ति केंद्रों के बीच उभर रही नई अनिश्चितताओं ने मध्यम और उभरती शक्तियों को नए साझेदार तलाशने के लिए विवश किया है। भारत और कनाडा इस वैश्विक संरचना में ऐसे दो देश हैं जिनके पास जनसांख्यिकीय शक्ति, आर्थिक संसाधन, शिक्षा-तकनीक की क्षमता और लोकतांत्रिक मूल्यों का साझा आधार मौजूद है। ऐसे में इन दोनों का साथ आना न केवल द्विपक्षीय संबंधों के लिए आवश्यक है बल्कि एक नई वैश्विक संरचना के निर्माण में भी उपयोगी हो सकता है। यह संरचना सहयोग, नवाचार, जलवायु न्याय, हरित तकनीकों और स्थायी विकास पर आधारित हो सकती है। कनाडा में भारतीय मूल की बड़ी आबादी दोनों देशों के रिश्तों को मानवीय और सामाजिक आधार भी देती है। जब भी रिश्तों में तनाव आया, प्रवासी भारतीय समुदाय उसके बीच पुल की तरह खड़ा दिखाई दिया है। यही समुदाय आर्थिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं व्यावसायिक रिश्तों को नई दिशा देने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। यह समुदाय न केवल कनाडा के आर्थिक विकास का हिस्सा है बल्कि भारत-कनाडा संबंधों की गहरी कड़ी भी है। यही कारण है कि दोनों सरकारों ने इस सामाजिक संबंध को और मजबूत करने का प्रयास शुरू किया है जिससे गलतफहमियाँ कम हों, लोगों के बीच भरोसा बढ़े और राजनीतिक विवादों का असर द्विपक्षीय रिश्तों पर सीमित रहे।

# शिक्षकों के लिए 'शिष्टाचार और व्यवहार' पर विशेष वर्कशॉप का आयोजन हुआ

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**चांदपुर :** फादरसन पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के व्यावसायिक और व्यक्तिगत विकास के लिए एक विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने शिक्षकों की बेहतरी और शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से इस सत्र को आयोजित किया। इस वर्कशॉप का मुख्य विषय शिष्टाचार, व्यवहार, करटसी और एटीकेट रखा गया था, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को न केवल अकादमिक रूप से बल्कि व्यवहारिक रूप से भी सशक्त बनाना था। इस महत्वपूर्ण सत्र को संबोधित करने के लिए ग्लोबल स्कूल के एजुकेशन डायरेक्टर अविनाश कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। शिक्षा के क्षेत्र में 15 वर्षों से अधिक का विशाल अनुभव रखने वाले अविनाश कुमार एक जाने-माने एजुकेशन लीडर और करिकुलम डेवलपर हैं। उनके साथ ही कोडोर्वा ग्रुप ऑफ कंपनी के सीनियर एरिया सेल्स मैनेजर जैन सिद्दीकी ने भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इन विशेषज्ञों ने अपने गहन अनुभव साझा करते हुए बताया कि एक शिक्षक का आचरण और संवाद शैली छात्रों के चरित्र निर्माण में सबसे अहम भूमिका निभाती है। वर्कशॉप के दौरान अविनाश कुमार ने विस्तार से समझाया कि कैसे सही एटीकेट और सौम्य व्यवहार एक शिक्षक को छात्रों के लिए आदर्श रोल मॉडल बनाते हैं। प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण सत्र शिक्षकों के व्यक्तित्व निखार के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम का समापन सभी शिक्षकों द्वारा नई सीख को अपनी शिक्षण शैली में उतारने के संकल्प के साथ हुआ।

# पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा पुलिस कार्यालय पर पुलिस कर्मियों की (बीट बुक) बीट संबंधी अभिलेखों का निरीक्षण किया गया



**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा पुलिस कार्यालय पर पुलिस कर्मियों की (बीट बुक) बीट संबंधी अभिलेखों का निरीक्षण किया गया तथा बीट अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में नियमित गश्त, निगरानी, अपराधियों की गतिविधियों पर नियंत्रण एवं जनसंपर्क बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उत्तम बीट बुक तैयार करने एवं बीट से संबंधित पूर्ण एवं अद्यतन जानकारी रखने के लिए महिला आरक्षी रमा निगम थाना खजुरिया व मुख्य आरक्षी गनवीर सिंह थाना शहजाद नगर को नकद पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिया गया यह सम्मान पुलिस कर्मियों के श्रेष्ठ कार्य, लगन तथा बीट प्रबंधन में उनकी दक्षता को प्रतिबिंबित करता है।

# एक दिन की छुट्टी मतदाता बनाएगी लापरवाही जिंदगीभर की मतदाता सूची से छुट्टी कर देगी चुन्ना आपको है

**वेलकम इंडिया**



**रामपुर।** सभी प्रदेश और जनपद वासियों से निवेदन की समय निकाल कर या छुट्टी लेकर एस आई आर फॉर्म भर मतदाता बनिए क्यों कि यह भी देश की नागरिकता का एक अहम प्रमाण है।आज जो भी पढ़े लिखे लोग इस एस आई आर के लिए अपनी अहम खिदमात और वक़्त दे रहे हैं। उनको शाबाशी और रिटायर्ड कर्मियों से निवेदन आप अपना फर्ज समझ कर अनपढ़ लोगों की मदद करें। आपकी छोटी सी मदद किसी की बहुत बड़ी मुसीबत को टाल सकती है। बी एल ओ से विन्रम अपील आपकी अपनी जिम्मेदारी लोगों की दुआओं और बद्दुआओं का भी माध्यम बनेगी। बी एल ओ जी देश और समाज के लिए आपका योगदान एक महत्वपूर्ण भूमिका तय करेगा। जिले के वयस्क बाशिंदे किसी के बहकावे न आए एस आई आर फॉर्म अंतिम तिथि से पूर्व भरकर देश के जिम्मेदार मतदाता और नागरिक बने।

# थाना गागलहेड़ी पुलिस का रिफ्लेक्टर अभियान- थाना गागलहेड़ी प्रभारी प्रवेश शर्मा की अगुवाई में चली प्रभावी मुहिम

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**

**सहारनपुर/गागलहेडी।** सहारनपुर यातायात माह के तहत आज थाना गागलहेड़ी क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर एक सशक्त और परिणामकारी अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक यातायात के नेतृत्व में थाना प्रभारी प्रवेश शर्मा ने दया शुगर मिल क्षेत्र में भारी वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवा कर सर्द मौसम में बढ़ते कोहरे के खतरे को कम करने की ठोस पहल की- थाना प्रभारी प्रवेश शर्मा पूरे अभियान में सबसे आगे नजर आए- व्यक्तिगत रूप से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य बड़े वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाते हुए उन्होंने ड्राइवरों को सख्त लेकिन जरूरी हिदायतें भी दीं- कोहरे में दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस टीम ने चालकों को गति नियंत्रण, ओवरटेक से बचने, दूरी बनाए रखने और रिफ्लेक्टर व लाइटों का अनिवार्य उपयोग जैसे अहम सुझाव दिए।

थाना प्रभारी प्रवेश शर्मा ने स्पष्ट कहा कि धुंध किसी की लापरवाही नहीं ढकती, सड़क पर सतर्कता ही जीवन बचाती है- अभियान में पुलिस अधीक्षक यातायात शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, उ0नि0 रविकांत गिरी (प्रभारी क्रिटिकल कॉरिडोर टीम) व उनकी टीम शामिल रही- जिले में दुर्घटना रहित यातायात सुनिश्चित करने की इस पहल ने साबित कर दिया कि गागलहेड़ी पुलिस केवल कार्रवाई नहीं करती- बल्कि सुरक्षा के लिए लगातार मैदानी जिम्मेदारी भी निभाती है।



# छुट्टी होने के बावजूद भी स्कूल संचालकों की मनमानी के चलते हुए नगर में खुले अधिकांश विद्यालय

**वेलकम इंडिया**



शिकारपुर/सोमवार को नगर में छुट्टी के बाद भी अधिकांश विद्यालय खोले गए शिक्षा विभाग का यह कैसा अनोखा कानून आधे विद्यालय बंद और आधे खुले शिक्षा विभाग के अधिकारियों का स्कूल संचालकों में नहीं है कोई खौफ भले ही उत्तर प्रदेश सरकार या शिक्षा विभाग छुट्टी घोषित करें पर इन प्राइवेट स्कूल संचालकों पर कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है वही देखने को मिला है कि सोमवार को गुरु तेग बहादुर जयंती होने पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा छुट्टी स्वीकृत की गई थी लेकिन इसके बावजूद भी कुछ स्कूल संचालकों की मनमानी देखने को मिली है फिर भी विद्यालय खोले गए हैं इन लोगों पर छुट्टी का कोई असर नहीं होने वाला है। सरकार के आदेश और शिक्षा विभाग की लापरवाही के चलते हुए प्राइवेट स्कूल संचालकों ने तमाम नगर के विद्यालय खोले हैं। क्योंकि यह लोग ठहरे ऊपर पहुंच वाले ऐसे लोगों के खिलाफ शिक्षा विभाग के अधिकारी भी कार्यवाही करने से कतराते हैं। यदि कार्यवाही होती भी है तो केवल खानापूर्ति होती है। नोटिस के नाम पर शिक्षा विभाग और स्कूल संचालकों के बीच साठगांठ हो जाती है। और मामला हो जाता केवल रफादफा। जब इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी से जानकारी लेनी चाहिए तो उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा।

# सन्तश्री प्रेमधन लालनजी महाराज के श्रीमुख से श्रीकृष्ण जन्म की कथा श्रवण कर भाव-विभोर हुए भक्त-श्रद्धालु



**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)**

**वृन्दावन।** कालीदह क्षेत्र स्थित राधा कृपा आश्रम में लाला सट्टनलाल अग्रवाल परिवार (मुम्बई) के द्वारा ठाकुरश्री ब्रजवल्लभ लाल महाराज एवं सद्गुरुश्री सन्त मां ब्रजदेवी जी के पावन सानिध्य में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के चौथे दिन व्यासपीठ से प्रख्यात भागवताचार्य सन्तश्री प्रेमधन लालनजी महाराज ने देश-विदेश से आए समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को अपनी मधुर वाणी के द्वारा वामन अवतार, बलि प्रसंग, गंगा अवतरण, श्रीराम जन्म एवं श्रीकृष्ण जन्म की कथा श्रवण कराई। श्रद्धेय सन्तश्री प्रेमधन लालनजी महाराज ने भगवान के दिव्य स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने श्रीकृष्ण के रूप में ब्रज में अवतार लेकर पूरब से लेकर पश्चिम तक धर्म की स्थापना के लिए समस्त राक्षसों का उद्धार कर सभी जीवों को सुख प्रदान किया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर जब-जब अधर्म बढ़ता है और धर्म की हानि होने लगती है,तब-तब अधर्म का नाश करने के लिए और धर्म की रक्षा व पुनःस्थापना के लिए भगवान नारायण पृथ्वी पर अवतरित होते हैं इसीलिए वे तारणहार कहे जाते हैं। महोत्सव में पधारे श्रीराधा रमण मन्दिर के सेवाधिकारी वैष्णवाचार्य श्रीवत्स गोस्वामी महाराज ने कहा कि अखिल कोटि ब्रह्मांड नायक भगवान श्रीकृष्ण ने पृथ्वी पर जन्म लेकर न केवल पापियों, अत्याचारियों व दैत्यों का संघार किया बल्कि उन तमाम भक्तों, ऋषियों-मुनियों एवं साधु-संतों की वाणियों को साकार किया, जिन्होंने पूर्व जन्मों में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं में संलग्न होने का वरदान प्राप्त किया था।

कार्यक्रम के अंतर्गत ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष ष्यूपी रत्नष् डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन करके संत श्री प्रेम धन लालन जी महाराज का उनके द्वारा धर्म व अध्यात्म के क्षेत्र में की गई अविस्मरणीय सेवाओं के लिए सम्मान किया। इससे पूर्व भव्य नंदोत्सव आयोजित किया गया।साथ ही भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की दिव्य झांकी सजाई गई।इसके अलावा जन्म से संबंधित बधाईयों व भजनों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया गया।जिसके अंतर्गत रुपए-पैसे, खेल-खिलौने, वस्त्र-आभूषण आदि लुटाए गए। इस अवसर पर श्रीराधावल्लभ सम्प्रदायाचार्य गोस्वामी सुकृत लाल महाराज, सन्त बिहारी दास भक्तमाली, राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त प्रख्यात रासाचार्य स्वामी फतेह कृष्ण शर्मा, पण्डित रवि शर्मा (इन्दौर), स्वामी राधाकांत शर्मा (छोटे स्वामी), कृष्णांश शर्मा, मुख्य यजमान अशोक कुमार अग्रवाल (मुम्बई), श्रीमती ऊषा अग्रवाल, अरविन्द कुमार अग्रवाल, श्रीमती भारती अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, श्रीमती कल्पना अग्रवाल, अजय अग्रवाल, आशीष गोयल, सीमा अग्रवाल, ऋतु गोयल, कंचन कृष्ण, साध्वी कुंज दासी, साध्वी प्रिया दासी, साध्वी हरि दासी, गुंजन मेहता, नवीन अग्रवाल, सविता अग्रवाल, अश्विन अग्रवाल व अदिति अग्रवाल (अमेरिका) के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# डॉक्टर सोहित सिंह ने मुख्यमंत्री के समक्ष गंगा एक्सप्रेसवे की मांग उठाई



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर।** एम. एस. मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल बिजनौर के चेयरमैन डॉक्टर सोहित सिंह और उन्नाव जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से भेंट कर जनपद बिजनौर में आयुष्मान कार्ड के द्वारा चिकित्सकों को आ रही दिक्कतें, जनसंख्या नियंत्रण और गंगा एक्सप्रेसवे आदि समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया। राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय महासचिव चौधरी अजय वीर सिंह ने जनपद बिजनौर की समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने पर डॉ सोहित सिंह का आभार जताया।

# संदेश ने किया सफाई किट वितरण कर किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



हापुड़ जनपद में डाबर की सहयोगी स्वयं सेवी संस्था संदेश के द्वारा गाँव शिवाया में शौचालय सफाई किट वितरण व सफाई जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि संदेश की सचिव पूनम सिंह परिहार रही।मुख्य अतिथि ने उपस्थित महिलाओं व पुरुषों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सफाई किट वितरण का उद्देश्य लोगों में साफ सफाई की भावना को बढ़ाना है। गांधी जी ने जो रामराज का सपना देखा था कि कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का नाम पहुँचना चाहिए वह संस्था के माध्यम से सफल हो रहा है। कई वर्ष पूर्व गाँव के अंतिम परिवार तक शौचालय पहुचाने का कार्य संदेश संस्था द्वारा किया गया था किन्तु समय के साथ साथ परिवार बढ़ते जा रहे है। संदेश संस्था जल्द ही जिन परिवारों के घर मे शौचालय नही है उनको शौचालय निर्माण में सहयोग कर गाँव को पुनः खुले में शौच मुक्त करने का कार्य करेगी।प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करने वाली स्वच्छ भारत मिशन योजना को साकार करते हुए संदेश संस्था के द्वारा सात सौ से सात कदम परियोजना के अंतर्गत जनपद के छत्तीस गाँवो को खुले में शौच मुक्त किया गया है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए गाँव शिवाया में सफाई के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक परिवार के शौचालय सफाई किट वितरण की गयी। परियोजना समन्वयक संजीव भारद्वाज ने बताया कि ग्रामवासियों के अनुरोध व संदेश की सचिव के आदेश एक खुली बैठक का आयोजन कर गाँव में शौचालय निर्माण का कार्य में सहयोग किया जाएगा। साथ ही गाँव को खुले में शौच मुक्त किया जायेगा।सभी ग्रामवासियों की और से सुबोध शिशौदिया,पूर्व प्रधान देवेन्द्र शर्मा,सुभाष सिंह, व चन्द्रपाल सिंह ने संस्था द्वारा किए गए कार्य व शौचालय निर्माण में सहयोग की घोषणा के लिए संस्था का आभार प्रकट किया।इस अवसर पर संदेश के वरिष्ठ लेखाकार शिवचेत तोमर,कृष्ण शर्मा,भुजवीर सिंह,अवधेश शर्मा,भारी संख्या में महिला व पुरूष मौजूद रहे।

# मतदाता एसआईआर के तहत मतगणना प्रपत्रों को भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं आखिरी दिन की न करें प्रतीक्षा : डीएम जसजीत कौर

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**




**बिजनौर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी जसजीत कौर ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार सहित सभी संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को कड़े निर्देश दिए कि 04 दिसंबर तक सभी कार्य पूरा करने के लिए प्रतिदिन डिजिटाइजेशन के कार्य में कम से कम 10% की प्रगति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए तथा जो रोजगार सेवक एवं पंचायत सहायक गणना प्रपत्रों को जमा करने के कार्य में सहयोग नहीं कर रहे हैं। उनका वेतन रोक दिया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जन सामान्य को जागरुक एवं प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिदिन मुनादी कराएं तथा आमजन को भी इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग करने के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी जसजीत कौर कल देर रात्रि कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (रकफ) कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित कर रही थीं। उन्होंने बीएलओ को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सबसे तेज एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों को जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया उक्त कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रतिदिन रिपोर्ट तलब करें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि एसआईआर के कार्य में ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सहायकों की भागीदारी सुनिश्चित कराएं तथा अधिशासी अधिकारी नगर निकाय शहरी क्षेत्रों में सभासदों, शिक्षित युवाओं एवं आमजनों को मतदाताओं के गणना प्रपत्र भरवाने एवं उनको जमा करने के कार्य में सहयोग के लिए प्रेरित करें ताकि समय पूर्वक रकफ का कार्य पूर्ण किया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे बीएलओ, सुपरवाइजर को अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें और गणना फॉर्म की प्रविष्टियों को ध्यानपूर्वक भरें, उस पर अपने हस्ताक्षर करें और बीएलओ को तत्काल उपलब्ध कराते हुए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने मतदाताओं का यह भी का आह्वान किया कि यदि मतदाता घर पर नहीं हैं, तो परिवार का कोई भी वयस्क सदस्य सभी मतदाता सदस्यों की जानकारी भरकर हस्ताक्षर सहित फॉर्म बीएलओ को दे सकता है। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के हस्ताक्षरित फॉर्म बीएलओ को प्राप्त हो जाएंगे।

# डीएम की अध्यक्षता में शिक्षण संस्थानों की बैठक हुई आयोजित, छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत प्रगति की संस्थानवार की गई समीक्षा



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में जनपद में संचालित समस्त महाविद्यालय, आई.टी.आई. एंव पालीटेक्निक संस्थानों के प्राचार्यों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा शैक्षिक सत्र 2025-26 में छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत पोर्टल पर छात्र/छात्राओं का डाटा अग्रसारित/निरस्त किये जाने हेतु संस्थानवार समीक्षा की गयी।

समीक्षा के दौरान संस्था स्तर पर डाटा अग्रसारित / निरस्त किये जाने हेतु हेतु संतोषजनक नही पायी गयी। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा समस्त संस्थाओं को कड़ी चेतावनी देते हेतु निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दशा में दिनांक 30.11.2025 तक पोर्टल पर उपलब्ध पात्र छात्र/छात्राओं के डाटा को अग्रसारित करना सुनश्चित करें, यदि छात्र/छात्रा अपात्र है तो उनका डाटा निरस्त करें। संस्था के पोर्टल पर किसी भी प्रकार का डाटा लम्बित नही रहना चाहिए। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि जिन संस्थाओं के लापरवाही से कोई अर्ह छात्र/छात्रा छात्रवृत्ति से वंचित होते है तो संबंधित संस्था का उत्तरदायित्व निर्धारित कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि जिन संस्थानों द्वारा 30.11.2025 तक प्रगति 80 प्रतिशत से न्यून होगी उन संस्थाओं के प्राचार्यों का पुनः दिनांक 02.12.2025 को बैठक आहूत किया जायेगा।

बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ, जिला समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार मिश्र एवं विभिन्न संस्थानों के प्रबन्धक एवं प्राचार्यगण आदि उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**शिकारपुर।** नगर के मेरठ-बदायूं स्टेट हाईवे पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना श्रीकृष्ण धाम मंदिर के सामने हुई। मृतक युवक मोटरसाइकिल द्वारा बुलंदशहर से अपने गांव आ रहा था। मृतक की पहचान जानीपुर कला उर्फ वैरीना निवासी कुलदीप पुत्र सुतेश के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को बुलाया गया। इस घटना की सूचना मिलने के उपरांत गांव के बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए जिससे हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने स्थिति को देखते हुए बिना देरी किए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम नहीं बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत की सूचना मिली थी लेकिन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# सर्वभाषा कवि सम्मेलन 2026 में 90 वर्षीय वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. बी.एल. गौड़ का चयन

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली, 25 नवम्बर।** भारतीय साहित्य जगत के लिए गर्व का विषय है कि 90 वर्षीय वरिष्ठ साहित्यकार, लेखक एवं समाजसेवी डॉ. बी.एल. गौड़ का चयन ऑल इंडिया रेडियो द्वारा गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले विश्व के सबसे बड़े सर्वभाषा कवि सम्मेलन 2026 के 70वें संस्करण में हिंदी भाषा के कवि के रूप में किया गया है। संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भारतीय भाषाओं के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित होने वाला यह मंच साहित्य जगत में अत्यंत प्रतिष्ठित माना जाता है। डॉ. गौड़, भारतीय रेल में 31 वर्ष सेवा देने के बाद सीनियर सेक्शन इंजीनियर के पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर पूर्णतः साहित्य और समाजसेवा को समर्पित हैं। वे अब तक लगभग दो दर्जन पुस्तकों का लेखन कर चुके हैं तथा 20 देशों की साहित्यिक यात्रा कर चुके हैं। साहित्य और समाज के प्रति निरंतर सक्रिय भूमिका के कारण वे हिंदी अकादमी दिल्ली की कार्यकारिणी, संस्कृति मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति तथा शिक्षा मंत्रालय की केंद्रीय अनुदान समिति के सदस्य भी रह चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि डॉ. गौड़ को अब तक साहित्य रत्न, साहित्य भूषण, विद्यासागर, डी.लिट., लाइफटाइम अचीवमेंट सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। वर्ष 2005 से वे द गॉड्स टाइम्स नामक हिंदी अंग्रेजी पाक्षिक पत्र का सफल प्रकाशन भी कर रहे हैं। उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर साहित्यिक और सांस्कृतिक जगत में हर्ष की लहर दौड़ गई है। पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री तथा उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल ह्यनिशंकह्न, अंतरराष्ट्रीय हिंदी समिति (अमेरिका) के न्यासी एवं समाजसेवी डॉ. इंद्रजीत शर्मा, धरा धाम इंटरनेशनल के प्रमुख डॉ. सौरभ पांडे, साहित्यकार डॉ. प्रेम भारद्वाज ज्ञानभिक्षु, डॉ. वीणा मित्तल, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर एवं अंतरराष्ट्रीय लेखक पत्रकार, विचारक डॉ. शंभू पंवार, साहित्यकार एवं गीतांजलि काव्य प्रसार मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा गीत, कला भारती फाउंडेशन की प्रमुख ममता सोनी, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सविता चड्ढा, शिक्षाविद एवं साहित्यकार डॉ. पुष्पा जोशी, कुमार सुबोध सहित अनेक साहित्यकारों, संस्थाओं और साहित्यप्रेमियों ने उन्हें हृदय से बधाइयाँ दी हैं।

## सार संक्षेप

## नगला आशा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर बना शो पीस




वेलकम इंडिया

**मथुरा/सोंख।** देहात के नगला आशा स्थित लाखों रुपए की लागत से बना आरोग्य केंद्र अपनी बदहाली पर आँशु बहा रहा है। जहाँ ग्रामीणों का उपचार होना चाइये वहाँ ग्रामीणों ने उप स्वास्थ्य केंद्र पर ऊपले थाप रखे हैं, केंद्र की बिल्डिंग जर्जर होती जा रही है, स्वास्थ्य केंद्र का प्रांगण में घास से भरा पड़ा है। स्वास्थ्य केंद्र की इस हालत को लेकर ग्रामीणों ने कई बार उच्च अधिकारियो से शिकायत की है मगर आज तक कोई अधिकारी गांव में झांका तक नहीं।ग्रामीणों ने कहा की जब से यह आरोग्य केंद्र बना है तब से अभी तक इस जगह कोई भी नर्स डॉक्टर यहां पर आया नहीं है, हमारे बच्चे बुजुर्ग बीमार होते हैं तो मजबूरी में उनको दुसरे स्वास्थ केंद्र पर दवा लेने जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने साशन से गुहार लगाई है की इस स्वास्थ्य केंद्र पर नियमित डाक्टरों की टीम आये जिससे की ग्रामीणों को अच्छा इलाज मिल सके। इस सन्दर्भ में जब गोवर्धन सीईएससी प्रभारी डॉ नेहा से फोन पर वार्ता की तो उन्होंने कहा कि आज छुट्टी है, मंगलवार और शुक्रवार को ही एएनएम बैठती हैं। यहां अभी सीएचओ की नियुक्ति नही हुई है।

## रंगदारी माँगने के आरोप में जनता के हितैषी बनने वाले समाजिक कार्यकर्ता को गिरफ्तार कर भेजा जेल



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** बैजनाथ पुलिस ने रंगदारी के मामले में आरटीआई कार्यकर्ता के रूप में पहचाने जाने वाले को आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा जारी जानकारी के अनुसार बलवन्त सिंह निवासी ग्राम मेलाडुंगरी गरुड़ बैजनाथ द्वारा कोतवाली बैजनाथ में गोपाल बनवासी निवासी रीठा द्वारा मकान को ध्वस्त करने के आदेश लाने के सम्बन्ध में एक लाख रुपये की रंगदारी की मांग की व समय से पैसा नही देने पर फर्जी शिकायत कर जेल भेजनी की धमकी का आरोप लगाते हुए बैजनाथ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई ।शिकायती पत्र के आधार पर कोतवाली बैजनाथ में जिले में सूचना अधिकार के द्वारा और न्यायालय में विभिन्न मामलों में जनहित याचिका दायर करने और लोगों को भृस्टाचार मुक्त का दावा करने वाले, और जनहित याचिका के माध्यम से न्यायालय में वाद दायर कर कानून का भय दिखाते हुए नियमबद्ध कार्य करने और विभिन्न मामलों का खुलासा कर सनसनी फैलाने वाले गोपाल चन्द्र बनवासी के विरुद्ध अपराध में मुकदमा दर्ज किया।उक्त अभियोग की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के द्वारा तत्काल मामले की विवेचनात्मक कार्यवाही करने हेतु कोतवाली बैजनाथ को निर्देश दिए। शिकायतकर्ता से मिले साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त गोपाल चन्द्र बनवासी पुत्र मदन राम निवासी रीठा कंधार को गिरफ्तार किया गया।जहां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसे मेडिकल जांचके बाद न्यायालय में पेश कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के आधार पर अभियुक्त पर रंगदारी मांगने सहित पूर्व में जघन्य अपराध में सजा काटने की बात कही गई है।प्राप्त जानकारी के आधार परअभियुक्त गोपाल चन्द्र बनवासी के विरुद्ध वर्ष 2025 मे रंगदारी माँगने का अभियोग कोतवाली बैजनाथ में किया गया।

# दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब और अंजी खाद पुलों का सदस्य रेल मंत्रालय गोपाल राय आज करेंगे निरीक्षण

(संतोष कुमार सिंह)



**लखनऊ /वाराणसी:-** रेल मंत्रालय भारत सरकार के सलाहकार सदस्य गोपाल राय 26 नवंबर 2025 बुधवार को जम्मू कश्मीर में निमार्णाधीन दुनिया के दो सबसे महत्वपूर्ण रेल पुलों चिनाब ब्रिज और अंजी खाद ब्रिज का विस्तृत निरीक्षण करेंगे` यह दौरा उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक (वरइफछ) परियोजना के अंतिम चरण की प्रगति और सुरक्षा मानकों की समीक्षा के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा हैं` श्री राय का यह निरीक्षण ऐसे समय में हो रहा है जब ये दोनों पुल इंजीनियरिंग के अद्भुत उदाहरण के रूप में वैश्विक स्तर पर सुर्खियां बटोर रहे हैं` चिनाब ब्रिज जो नदी तल से 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है एफिल टॉवर से भी ऊंचा है जबकि अंजी खाद ब्रिज देश का पहला केबल-स्टेयड रेल पुल है जो दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र को जोड़ने में निर्णायक साबित होगा। निरीक्षण से पहले मीडिया से बात करते हुए गोपाल राय ने बुनियादी ढांचे के विकास और इंजीनियरिंग चमत्कारों को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की सराहना की` श्री राय ने कहा यह सिर्फ पुल नहीं हैं बल्कि यह 'आत्मनिर्भर भारत' की क्षमता और हमारे इंजीनियरों के दृढ़ संकल्प का जीवंत प्रमाण हैं` चिनाब और अंजी खाद ब्रिज जैसी परियोजनाएं दशार्ती हैं कि भारत दुनिया के सबसे चुनौतीपूर्ण भौगोलिक क्षेत्रों में भी असाधारण निर्माण कार्य करने में सक्षम है उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार की दूरदर्शी योजना के कारण ही यह परियोजना रिकॉर्ड गति से आगे बढ़ पाई है जिससे जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए आर्थिक विकास और आसान कनेक्टिविटी का नया मार्ग खुलेगो सदस्य राय निरीक्षण के दौरान पुलों की संरचनात्मक अखंडता, गुणवत्ता नियंत्रण और सुरक्षा प्रोटोकॉल का व्यक्तिगत रूप से जायजा लेंगे वे परियोजना से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों, इंजीनियरों और निर्माण दल के सदस्यों के साथ बैठकें करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि परियोजना समय पर पूरी हो और परिचालन के लिए सुरक्षित हो यह वरइफछ परियोजना कश्मीर घाटी को शेष भारतीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ने का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखती है।

## अज्ञात शव मिलने से मचा हड़कंप, शिनाख्त नहीं

**शिकारपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बादशाहपुर पचगाई के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव काली नदी में शुक्रवार को तैर रहा था। शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। इसके बाद देखते ही देखते स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई सूचना मिलते ही शिकारपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने नदी से शव को निकाल कर घटनास्थल को घेर लिया और साक्ष्य जुटाने का काम शुरू किया। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के इलाकों में गुमशुदगी की रिपोर्ट को खंगाल रही है और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

# ऑपरेशन मुस्कान के अन्तर्गत 01 गुमशुदा बच्चे को 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द



वेलकम इंडिया

**शिकारपुर/बुलंदशहर/** मंगलवार को थाना सलेमपुर पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मबई थाना सलेमपुर निवासी एक 14 वर्षीय लडका जो सर्वोदय विद्यालय के हॉस्टल में रहकर पढाई करता है बिना बताये कहीं चला गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सलेमपुर पर मुअसं-360/25 धारा 137(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया। थाना सलेमपुर पुलिस द्वारा अथक परिश्रम करते हुए जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व मे चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत दिनांक 25.11.2025 को गुमशुदा लडके को 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। गुमशुदा लडके को उसके परिजन को सुपुर्द करने पर परिजन व जनता के लोगो द्वारा थाना सलेमपुर पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा गयी है।पुलिस टीम रविन्द्र कुमार थाना प्रभारी सलेमपुर।उ0नि0 अनिल कुमार है0का0 संदीप कुमार, है0का0 अरविन्द कुमार।

# जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने एसआईआर कार्यों का किया औचक निरीक्षण

(संतोष कुमार सिंह)




**वाराणसी :-** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने मंगलवार को मंडुवाडीह में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत चल रहे गणना प्रपत्रों के वितरण कार्य, उसकी वापसी एवं डिजिटाइजेशन के कार्यों का औचक निरीक्षण किया और उस क्षेत्र के सुपरवाइजर व बीएलओ से अद्यतन प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी ली` इस संबंध में उन्होंने आस पास के लोगों से गणना प्रपत्र के मिलने और फॉर्म भरकर जमा करने आदि के बारे में पूछा और लोगों को जागरूक किया उन्होंने लोगों से कहा कि यह अभियान भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य त्रुटिरहित और अद्यतन मतदाता सूची तैयार करना है एसआईआर फॉर्म भरने की प्रक्रिया में बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं` आप सभी मतदाता गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को जमा कर सकते हैं फॉर्म भरने की अंतिम तिथि चार दिसंबर निर्धारित की गई है।

जिलाधिकारी ने निर्वाचन में नियुक्त कार्मिकों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी और कर्मचारी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्य करें लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी` आमजन से अपील की कि वे अपने गणना प्रपत्र जल्द से जल्द जमा करें उन्होंने कार्मिकों से कहा कि फॉर्म भरने, संग्रहित करने और तकनीकी प्रक्रियाओं के प्रत्येक चरण में सावधानी बरती जाए।सूची मिलान भी सही तरीके से किया जाए।

# सुंदरकांड का पाठ और पुरुषार्थ की तैयारी आवश्यक - दिव्य अग्रवाल (लेखक व विचारक)

वेलकम इंडिया



इस्लामिक समाज से आने वाले सांसद बर्क जैसे लोग अभी भी बाबर की मानसिकता से ग्रसित हैं एक तरफ भारत की आत्मा, सनातन का गौरव जो पुरे विश्व में मानवता का संदेश देता है ऐसा पराक्रमी सनातनी ध्वज जिसमें इश्वाकु वंश रघुकुल का ध्वज चिन्ह कोविदार अंकित हो, श्री अयोध्यापुरी के रामलला सरकार के मंदिर के शिखर पर लहरा रहा है। तो इस्लामिक समाज से संबंध रखने वाले सांसद महोदय, बंगाल में न सिर्फ बाबरी मस्जिद बनाने की इच्छा प्रकट कर रहे हैं बल्कि प्रधानमंत्री द्वारा ध्वजारोहण के कार्यक्रम से परेशान भी हैं।

सत्य कहें तो सैकड़ो वर्षो से जिन हुतात्माओं ने अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया की श्री राम का मंदिर एक न एक दिन अयोध्या में पुन्ह अपनी भव्यता और दिव्यता को प्राप्त करेगा आज उन्ही का विश्वास सार्थक हुआ है ।जिस प्रकार विधर्मी भारत में राम लला सरकार के मंदिर के विरुद्ध बयानबाजी कर रहे हैं तो यह भी स्पष्ट है की मजहबी कटटरवाद बाबर की मानसिकता को पुनः क्रियान्वित करने हेतु प्रयासरत है ।इसलिए आवश्यक है की धर्म रक्षा और मंदिर की शक्ति में वृद्धि हेतु हिन्दुओ के घर घर में सुन्दर काण्ड का पाठ हो और सनातनी समाज अपनी प्रतिकार वाली क्षमता में वृद्धि कर पुरुषार्थ करने हेतु तत्पर हो क्यूंकि मजहबी समाज किसी राजनेता के नहीं बल्कि अपनी भीड़तंत्र के भरोसे हैं । जबकि सनातनी समाज अपनी शक्ति को भूलकर सिर्फ देश के प्रधानमंत्री मोदी जी और सूबे के मुख्या पूज्य नाथ योगी जी महाराज पर पूर्णतः निर्भर हैं । कुछ दायित्व सनातनी समाज का भी है यदि सनातनी समाज ने अपनी वंश और शास्त्र द्वारा वर्णित शस्त्र शक्ति में वृद्धि नहीं की तो उन दानवो पर विजय प्राप्त करना मुश्किल होगा जो बाबर की अमानवीय सोच की पुनार्वृति करना चाहते हैं।

# पंचवटी में दिव्य दरबार का वार्षिक समारोह, एवं कलश यात्रा विशाल भंडारा,का आयोजन किया गया


वेलकम इंडिया



झांसी पंचवटी क्षेत्र में जे.डी. कॉलोनी स्थित मां काली के दिव्य दरबार में वार्षिक धार्मिक उत्सव का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। आयोजकों ने बताया कि दिव्य दरबार का यह वार्षिक कार्यक्रम लगातार पिछले 15 वर्षों से श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न कार्यक्रम के अंतर्गत श्रीरामझसीता विवाह तथा कलश यात्रा विशाल भंडारा,का आयोजन किया गया। 25 नवंबर 2025 (मंगलवार) को सिद्धेश्वर मंदिर से प्रारंभ हुई कलश यात्रा में लगभग ढाई हजार महिलाएँ सिर पर कलश लेकर सम्मिलित हुईं। भक्तिमय वातावरण के बीच यात्रा पंचवटी दिव्य दरबार परिसर में संपन्न हुई। मां काली की उपासक संगीता दीदी ने बताया कि भक्तों का मां काली पर अटूट विश्वास है। उन्होंने कहा कि कई भक्त अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए हर बुधवार को दरबार में आते हैं भक्तों ने बताया है कि सुमन यादव ने बताया है कि जिन्हें 10 वर्षों तक संतान की प्राप्ति नहीं हुई थी, मां काली के दिव्या दरबार में 1 वर्ष के बाद उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है उन्होंने मां काली और संगीता दीदी के आशीर्वाद से संतान सुख प्राप्त किया, जिससे क्षेत्र में श्रद्धा और भी अधिक गहरी हुई है आयोजकों ने बताया कि इस वार्षिक आयोजन का उद्देश्य समाज में धार्मिक जागरूकता, भक्ति भावना और एकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय भक्तों ने भाग लेकर मां काली के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर मुकेश श्रीवास संतोष साहू प्रधान जी महेन्द्र (मोनू) कुशवाहा अमित कुशवाहा प्रभात कुमार शैलेन्द्र ठेकेदार निक्की श्रीवास, सुरेश, भुपेन्द्र रितुराज ठाकुर यस ठाकुर आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस आयुक्त ने आईजीआरएस के कार्यों की समीक्षा कर 25 उप निरीक्षकों पर विभागीय कार्रवाई के दिए निर्देश

(संतोष कुमार सिंह)



कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 25-11-2025

विषयः-पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा आईजीआरएस के कार्यों की समीक्षा कर 25 उप निरीक्षकों पर विभागीय कार्रवाई के दिए निर्देश।

आज दिनांक 25.11.2025 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा कैम्प कार्यालय पर जनसुनवाई समाधान प्रणाली/IGRS की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों/सन्दर्भों के निस्तारण, जाँच की प्रगति तथा शासन स्तर से लिये गये फीडबैक का विश्लेषण किया गया। समीक्षा के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि माह अक्टूबर की रैंकिंग में अनेक शिकायतों में जाँच अधिकारी द्वारा शिकायतकर्ताओं से संपर्क नहीं किया गया, इन जाँच अधिकारी/उप निरीक्षकों द्वारा पाँच से अधिक मामलों में वादी से वार्ता किए बिना ही रिपोर्ट अपलोड कर दी गई, जिसके कारण वादी/शिकायतकर्ताओं की ओर से निगेटिव फीडबैक दिया गया जिससे जनपद की आईजीआरएस रैंकिंग प्रभावित हुई। यह आचरण अत्यंत आपत्तिजनक एवं कर्तव्यहीनता की श्रेणी में पाया गया। जनपद में ऐसे कुल 25 उप निरीक्षकों को चिन्हित किया गया है, जिनके विरुद्ध पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

**वाराणसी :-** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल द्वारा कैम्प कार्यालय पर 25 नवम्बर मंगलवार को जनसुनवाई समाधान प्रणाली/आइजीआरएस की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों/सन्दर्भों के निस्तारण,जाँच की प्रगति तथा शासन स्तर से लिये गये फीडबैक का विश्लेषण किया गया` समीक्षा के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि माह अक्टूबर की रैंकिंग में अनेक शिकायतों में जाँच अधिकारी द्वारा शिकायतकताओं से संपर्क नहीं किया गयो इन जाँच अधिकारी/उप निरीक्षकों द्वारा पाँच से अधिक मामलों में वादी से वार्ता किए बिना ही रिपोर्ट अपलोड कर दी गई जिसके कारण वादी/शिकायतकताओं की ओर से निगेटिव फीडबैक दिया गया जिससे जनपद की आईजीआरएस रैंकिंग प्रभावित हुई यह आचरण अत्यंत आपत्तिजनक एवं कर्तव्यहीनता की श्रेणी में पाया गया।

जनपद में ऐसे कुल 25 उप निरीक्षकों को चिन्हित किया गया है जिनके विरुद्ध पुलिस आयुक्त द्वारा विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

# युवा समाज सेवी भूरा पहलवान बने क्षत्रिय करणी सेना के गोवर्धन विधानसभा अध्यक्ष

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** क्षेत्रीय करणी सेना द्वारा आन्योर निवासी समाज सेवी भूरा पहलवान को गोवर्धन विधान सभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, मंडल अध्यक्ष गोविन्द राघव, जिलाध्यक्ष विजयपाल सिँह राघव ने भूरा पहलवान को नियुक्ति पत्र सौंपा। भूरा पहलवान ने कहा की वो हिंदुत्व व सनातन की रक्षया के लिये तन मन धन से हमेशा तैयार रहेंगे साथ ही करणी सेना द्वारा जो उनको यह पद ओर सम्मान दिया गया है उसका वो हमेशा मान सम्मान रखेंगे जहाँ भी संगठन को म जरूरत होगी हमेशा तैयार रहेंगे। भूरा पहलवान की इस नियुक्ति पर बांके हिन्दू ने हर्ष व्यक्त करते हुये कहा की भूरा पहलवान को जो भार सौंपा गया है वह इस पद पर रहते हुये हमेशा हिंदुत्व व हिंदुस्तान की भलाई के लिये कार्य करते रहे। यह कार्यक्रम डीग रोड स्थित श्री राधारानी प्रॉपर्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुआ।जिसमे ठाकुर मनमोहन मोहन सिँह, गिरधारी सिंह ठाकुर, बॉबी पंडित, नीरज कौशिक, ओमप्रकाश पहलवान, कुलदीप सेठ, कान्हा ठाकुर, बलवीर यादव ने भूरा पहलवान को स्वाफा दुपट्टा बाँध कर स्वागत किया। कार्यक्रम मेँ करणी सेना के संगठन मंत्री कुंवर विष्णु सिंह, विष्णु राठौर, कृष्णा पत्रकार ,सीताराम डॉक्टर ,ओपी डॉक्टर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अस्सी घाट में मनाया गया भव्य दीपोत्सव एवं धर्म ध्वज महोत्सव

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी :-** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या में 191 फीट ऊँचे धर्म ध्वज के भव्य ध्वजारोहण उत्सव की आनंद तरंगों में सहभागी होते हुए काशी के पावन अस्सी घाट पर ब्रह्मराष्ट्र एकम्‍ विश्व महासंघ न्यास एवं माँ गंगा सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ` हजारों दर्शनार्थियों एवं सनातन प्रेमियों की पावन उपस्थिति में श्रीराम मंदिर के स्वरूप की पूजा-अर्चना एवं धर्म ध्वज का विधिवत पूजन सम्पन्न हुआ` तत्पश्चात माँ गंगा की महाआरती के मध्य 5,000 दीपों का प्रकाश पूरे घाट पर फैलकर दिव्य आलोक का दिग्दर्शन कराता रहा` गंगा तट पर जहाँ प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु आते हैं वहाँ रामभक्ति का यह आगार उपस्थित जनमानस को रोमांचित कर गया कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूज्य श्री श्री 1008 डॉ. सचिन्द्र नाथ जी महाराज (श्रीकुल पीठ काशी) ने कहा आज का दिन भारत की चेतना का पुनरुत्थान है जैसे प्रभु श्रीराम के मंदिर पर धर्म ध्वज पताका आरूढ़ हुई है,यह केवल आस्था की विजय नहीं,बल्कि विश्व के लिए शांति, विश्वास और समृद्धि के संदेश का उद्घोष है` हम वासुदेव कुटुंबकम्‍ की भावना को आत्मसात कर रामराज्य के आदर्श समाज की ओर अग्रसर हों यही आज का संकल्प है उन्होंने सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को रामभक्ति, गंगाभक्ति एवं धर्मकार्य में निरंतर जुटे रहने का आग्रह किया` पूज्य महाराज जी के साथ श्रद्धालुजन ‡जय श्रीराम‡ के उद्घोष से संपूर्ण घाट को गूँजाते रहे।

## सार संक्षेप

### जदयू नेता प्रसिद्ध समाज सेवक औंकार यादव को हमारा सौभाग्य एनजीओ करेगा सम्मानित

एहसान अंसारी



**नई दिल्ली:** हमारा सौभाग्य एनजीओ पूरे परिवार में हर वर्ष उन सामाजिक योद्धा को चयनित करता है जो अपने क्षेत्र समाज में अच्छे कार्य करते है सामाजिक कार्य करते है इंसानियत भाईचारा को बचाने के लिए एक खुशबूरत समाज बनाने के लिए हमेशा कार्य करते है। ऐसे महान समाजिक योद्धाओं को हमारा सौभाग्य एनजीओ उनके अच्छे कार्य के लिए उनका हौसला बढ़ाने के लिए उन्हें सम्मान किया जाता है। बिहार के बांका जिला के प्रसिद्ध समाज सेवक जदयू पार्टी राजनीतिक सलाहकार समिति सदस्य ओंकार यादव का नाम स्त्र१ी ड्ढा ई१ अ६१ के लिए चयनित किया गया है। ओंकार यादव 30 वर्षों से हमेशा सामाजिक कार्य करते आ रहे है गरीब बेसहारा परिवार की मदद करते है अब तक सैकड़ों गरीब बेटियों की शादी में मददगार साबित हुए है, अनाथ बच्चों और गरीब परिवार के बच्चों को जो आर्थिक रूप से कमजोर होते है उन्हें पढ़ाने के लिए अच्छी शिक्षा के लिए एक ओंकार यादव हमेशा मदद करते है। गरीबों का मसीहा के नाम से मशहूर है कटोरियां विधानसभा क्षेत्र के इनाराबरन में हर दिन अपने जनता संवाद में लोगों की समस्याओं को सुनते है और मदद करते है। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक आज तक कोई भी मदद के लिए गया है तो खाली हाथ भी लौटा है। हर समस्याओं का समाधान होता है। हमारा सौभाग्य एनजीओ जनवरी 2026 दिल्ली सम्मानित किया जाएगा।

### अम्पायर आप्टिकल ने बताया अगली पीढ़ी का आइ केयर अनुभव



(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी :-** अर्दली बाजार स्थित अंपायर ऑप्टिकल के शोरूम का 25 नवम्बर मंगलवार को किया गया अधिकारिक लांचे इस अवसर पर शोरूम के अधिष्ठाता सैफ कमाल ने बताया कि हमारे इस शोरूम पर आंखों से संबंधित सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा हमारे यहां विभिन्न रेंजों में चश्मा उपलब्ध हैं` अंपायर ऑप्टिकल शोरूम के अधिकारिक लांच पर आये हुए अतिथियों को स्टाल ओढ़ाकर और मोमेंटो देकर किया गया सम्मानित। इस अवसर पर कंपनी के नॉर्थ आर एस एम मोहित वाजपेई,एक्सपर्ट मैनेजर अंकित शंकुजा,कलस्टर मैनेजर उत्तर प्रदेश प्रतीक टंडन,सेल्स मैनेजर प्रदीप त्रिपाठी, बैजनाथ सिंह,सैफ कमाल,कमाल अहमद,औरंगजेब खान, विनोद पाण्डेय,हीना मोही, अश्वनी चक्रवाल,जमुना धर गुप्ता सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### डिबाई के महादेव चौराहे के मन्दिर पर स्थापित किया धर्म ध्वज



**डिबाई।** डिबाई की टीम बजरंगी द्वारा महादेव चौराहे पर धर्म ध्वज स्थापित किया गया। गौरतलब है कि भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या के राम मन्दिर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,योगी आदित्यनाथ,मोहन भागवत आदि सनानत प्रेमियों की अगुवाई में धर्म ध्वज स्थापित किया गया है। उसी तर्ज पर डिबाई के महादेव चौराहे पर धर्म ध्वज स्थापित किया गया है इस मौके पर सचिन बजरंगी, संजय बजरंगी,जीतू बजरंगी,गवेंद्र बजरंगी आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समुदाय में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के द्वारा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन मीट का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



हापुड़ जनपद के पिलखुवा के अनवरपुर में सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल अनवरपुर, हापुड़ द्वारा पिलखुवा के केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट समुदाय के साथ बेहतर स्वास्थ्य साझेदारी, दवा उपलब्धता में सुधार एवं अस्पतालझ्रकेमिस्ट समन्वय को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक भव्य केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन मीट का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जिसमें पिलखुवा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ मार्केटिंग मैनेजर द्वारा स्वागत संबोधन से हुआ। परिचय सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभवों, चुनौतियों एवं इस सहयोगी मंच से अपनी अपेक्षाओं को साझा किया।वरिष्ठ सलाहकार डॉ.आर.के. सेहगल ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में अस्पताल एवं केमिस्ट समुदाय के बीच नैतिक, पारदर्शी और समन्वित साझेदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि बेहतर संचार एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था मरीजों को समय पर, सुरक्षित और सुलभ दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करती है।मेजर जनरल (डॉ.) चरणजीत सिंह अहलूवालिया,मेडिकल सुपरिन्टेंडेंट, ने सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज हॉस्पिटल की क्लीनिकल क्षमताओं, उन्नत डायग्नोस्टिक सुविधाओं, सुपर-स्पेशियलिटी सेवाओं एवं भविष्य की विस्तार योजनाओं का विस्तृत परिचय प्रस्तुत किया। उन्होंने मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इसके पश्चात जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, आर्थोपेडिक्स, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग और नेत्र विभाग सहित विभिन्न विभागों की टीमों ने प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं।कार्डियोलॉजी विभाग की ओर से डॉ. राहुल रामटेके ने हृदय रोगों की समय पर पहचान, आपातकालीन हृदय उपचार प्रणाली और सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज हॉस्पिटल में तेजी से विकसित हो रही कार्डियक सेवाओं पर चर्चा की। पिलखुवा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महामंत्री ने इस सार्थक पहल के लिए सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज हॉस्पिटल की सराहना की और बेहतर संचार, मरीज सुविधा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।

# सरकारी भूमि पर रातों रात हो गया अवैध कब्जा

वेलकम इंडिया

**औरंगाबाद/ बुलंदशहर ।** नगर पंचायत औरंगाबाद की लाखों करोड़ों की सरकारी जमीन पर रातों रात दबंग भूमाफिया ने अवैध कब्जा कर लिया। नगर पंचायत के भृष्ट अधिकारियों को कानों-कान खबर तक नहीं लगी या यों कहिए कि मोटी कमाई करने वालों ने अपने आंख कान खुद ही मूंद लिए। भृष्टाचार रिश्वत खोरी और हेराफेरी में माहिर राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने तो फोन उठाने तक की जहमत नहीं उठाई। कस्बे में सरकारी जमीनों पर दबंग भूमाफियाओं के अवैध कब्जे शासन प्रशासन के अधिकारी रोकने में सक्षम प्रतीत नहीं हो पा रहे। क्योंकि दबंग भूमाफियाओं को भृष्ट अधिकारियों कर्मचारियों का खुला संरक्षण मिला हुआ है। ताजा तरीन मामला नगर पंचायत की सरकारी जमीन पर जहांगीराबाद रोड पर गाटा संख्या 1779 -1758 में हुए अवैध कब्जे का है! कुछ दिन पहले इस बेशकीमती जमीन पर दबंग भूमाफिया ने अवैध कब्जा करना शुरू किया। जागरूक नागरिकों ने मामले की जानकारी अधिशासी अधिकारी सेवा राम राजभर तथा नाबब तहसीलदार लेखपाल आदि को दी। जहां एक ओर राजस्व विभाग के अधिकारियों ने जमीन नगर पंचायत औरंगाबाद की बताकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया वहीं नगर पंचायत अधिकारी ने एक बाबू को नोटिस जारी करने के मौखिक आदेश देकर कन्नी काट ली। अधिकारियों की शह पर रातों रात लैटर डाल कर अवैध कब्जा कर लिया गया। गौरतलब है कि इस जमीन पर अधिवक्ता प्रदीप कुमार लोधी ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद में जन हित याचिका दायर की हुई है और उच्च न्यायालय में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने जमीन को नगर पंचायत की मिल्कियत स्वीकार किया।

# शशीसुरी माता की 21 दिवसीय जलधारा तपस्या संपन्न



वेलकम इंडिया

**डिबाई/** राजघाट गंगा तट पर शशीसुरी माता की 21 दिवसीय जलधारा तपस्या का मंगलवार, 25 नवंबर को समापन हो गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में भक्तगण दर्शन के लिए उमड़ पड़े और माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। यह तपस्या कार्तिक पूर्णिमा से प्रारंभ हुई थी और 21 दिनों तक लगातार जारी रही। समापन के दिन, भक्तों ने पुष्प वर्षा की और गंगाजल से भरे 26 घड़े अर्पित किए। तपस्या के समापन के दौरान, राजघाट गंगा तट पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सभी श्रद्धालुओं ने शशीसुरी माता पर पुष्प वर्षा कर उनका आशीर्वाद लिया। सोमनाथ महाराज ने बताया कि यह जलधारा तपस्या 5 नवंबर को शुरू हुई थी और 21 दिनों तक राजघाट गंगा तट पर शशीसुरी माता द्वारा की गई। विभिन्न जनपदों से साधु-संत भी इस अवसर पर राजघाट पहुंचे। इस दौरान सोमनाथ महाराज, महिपाल गिरी, लक्ष्मण दास गुरु महाराज, हीरा गिरी, पूनम गिरी, कालीचरण गिरी, सदानंद गिरी महाराज, बिजेंद्र नाथ, ओंकार दास, बाबा भूतनाथ योगी श्याम दास और देवकीनंदन महाराज सहित डिबाई इत्यादि।

# अस्सी घाट में भव्य दीपोत्सव एवं धर्म ध्वज महोत्सव मनाया

वेलकम इंडिया



**वाराणसी मिजार्मुराद।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या में 191 फीट ऊँचे धर्म ध्वज के भव्य ध्वजारोहण उत्सव की आनंद तरंगों में सहभागी होते हुए काशी के पावन अस्सी घाट पर ब्रह्मराष्ट्र एकम्‍ विश्व महासंघ न्यास एवं माँ गंगा सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ।हजारों दर्शनार्थियों एवं सनातन प्रेमियों की पावन उपस्थिति में श्रीराम मंदिर के स्वरूप की पूजा-अर्चना एवं धर्म ध्वज का विधिवत पूजन सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात माँ गंगा की महाआरती के मध्य 5,000 दीपों का प्रकाश पूरे घाट पर फैलकर दिव्य आलोक का दिग्दर्शन कराता रहा।

गंगा तट पर जहाँ प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु आते हैं, वहाँ रामभक्ति का यह आगार उपस्थित जनमानस को रोमांचित कर गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूज्य श्री श्री 1008 डॉ. सचिन्द्र नाथ जी महाराज (श्रीकुल पीठ, काशी) ने कहा:- आज का दिन भारत की चेतना का पुनरुत्थान है। जैसे प्रभु श्रीराम के मंदिर पर धर्म ध्वज पताका आरूढ़ हुई है, यह केवल आस्था की विजय नहीं, बल्कि विश्व के लिए शांति, विश्वास और समृद्धि के संदेश का उद्घोष है।उन्होंने सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को रामभक्ति, गंगाभक्ति एवं धर्मकार्य में निरंतर जुटे रहने का आग्रह किया। पूज्य महाराज जी के साथ श्रद्धालुजन ‡जय श्रीराम‡ के उद्घोष से संपूर्ण घाट को गूँजाते रहे।कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, मंगलगान, पुष्पवर्षा तथा स्कूली बच्चों द्वारा आकर्षक रंगोली निर्माण ने आधुनिक परिवेश में सनातन संस्कृति की जीवंतता को और अधिक प्रखर किया।इस अवसर पर स्थानीय गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठन, पुरोहित समाज और युवा स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे तथा महाआरती में सहभाग कर धर्मोत्सव का आनंद लिया।

# तहसील मांट के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 06 बीएलओ को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान -2026 के संबंध में तहसील मांट के सभागार में बीएलओ, सुपरवाइजर एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक ली। जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी निष्ठा एवं दृढ़ता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद में 35 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है और ससमय विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सभी अधिकारी पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहे है। बीएलओ, सुपरवाइजर, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां आदि द्वारा अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता की जिम्मेदारी है कि वह अपनी पूरी जानकारी एसआईआर फार्म में उपलब्ध कराए। जिलाधिकारी ने तहसील सभागार में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 06 बीएलओ को सम्मानित किया। उन्होंने अन्य बीएलओ को प्रेरित भी किया कि बिना तनाव के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण करे। जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र एवं पटुका पहना कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित कम्प्यूटर ऑपरेटरों से कहा कि वह तेजी से फीडिंग करें, उन्हे वो अपनी तरफ से एक एक शर्ट दिलवाएंगे। उन्होंने जिले भर के मतदाताओं से अपील की, कि जल्द से जल्द अपने एसआईआर फार्म सम्बंधित बीएलओ को जमा करा दें। मतदाता अपना फॉर्म निर्वाचन आयोग की बेब साइट पर ऑनलाइन भी जमा करा सकते है। बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही, तहसीलदार बृजेश कुमार, नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# जनपद स्तरीय संस्कृत छात्र प्रतियोगिताओं का रंगारंग समापन

**वेलकम इंडिया**




बागेश्वर,पीएम श्री विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कॉलेज बागेश्वर में द्विदिवसीय जनपद स्तरीय संस्कृत छात्र प्रतियोगिताओं का रंगारंग समापन पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी द्वारा संस्कृत भाषा के संरक्षण, संवर्धन, और प्रचार-प्रसार के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की गई थीं। प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल और अति विशिष्ट अतिथि वृक्ष मित्र किशन सिंह मलडा ने संयुक्त रूप से विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कृत हमारी प्राचीनतम भाषा है, सभी भाषाओं की जननी है, और एक वैज्ञानिक भाषा है।साथ ही विभिन्न प्रकार के दैविक कार्यक्रमों, और वैदिक मंत्रोच्चार के उच्चारण का माध्यम भी संस्कृत भाषा ही है। बतौर विशिष्ट अतिथि वृक्ष मित्र किशन सिंह मलड़ा ने कहा कि सृष्टि की रचना और तीनों लोकों में विभिन्न यज्ञों, सिद्धि प्राप्ति और शाश्वत ज्ञान को प्राप्त करने का मूल संस्कृत भाषा है। कहा कि संस्कृत को कंप्यूटर के लिए भी सबसे उपयुक्त भाषा माना गया है और उत्तराखंड सरकार संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए प्रयत्नरत है।

वृक्ष मित्र ने कहा कि संस्कृत के बिना जीवन शून्य है, संस्कृत वेद उपनिषदों की भाषा है, संस्कृत संस्कारों की भाषा है, और हमें संस्कृत निष्ठ संस्कृत युक्त बनना चाहिए। प्रतियोगिताओं में संस्कृत नाटक, संस्कृत नृत्य, संस्कृत समूह गान, संस्कृत श्लोक उच्चारण, संस्कृत आशु भाषण, और संस्कृत वाद-विवाद प्रतियोगिताएं शामिल थीं।इन प्रतियोगिताओं में कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग नाटक और नृत्य प्रतियोगिता में राजीव गांधी नवोदय विद्यालय बहुली की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज सोंग के मोहित देवली और नेहा जोशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में राइका गरुड़ के छात्र अभिनव कंडपाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्लोक उच्चारण में राइका बज्जूला की छात्रा कशक जहाँ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त 64 प्रतिभागी राज्यस्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। जो आगामी तीन और चार दिसंबर को हरिद्वार में संपन्न होगी। प्रतियोगिता के जनपद संयोजक दीपचंद्र जोशी ने उपस्थित समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक संयोजक लेफ्टिनेंट मोहन चंद्र जोशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद सह संयोजक पंकज प्रसाद भट्ट, डॉ चंद्रशेखर भट्ट, अनीता आर्य, डॉ दीपा जोशी, कमला गोस्वामी, ममता जोशी, गणेश कुमार, राजेश आगरी, राकेश कुमार, डॉ विवेक कुमार, हरीश दफौटी, जगदीश नारायण, ममता रावल, डॉ स्वाति, और रेखा भारती आदि लोग शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

# वाराणसी में युवा कांग्रेस सोशल मीडिया की प्रदेश कार्यकारिणी हुई बैठक




**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसी** :- युवा कांग्रेस सोशल मीडिया उत्तर प्रदेश पूर्वी का कार्यकारणी बैठक 25 नवम्बर मंगलवार को युवा कांग्रेस के चीफ कन्वेनर विनीत चौबे के अगुवाई में संपन्न हुओ बैठक में प्रदेश व समस्त जिला के पदाधिकारी मौजूद थे बैठक में विधानसभा चुनाव व संगठन को बूथ लेवल तक मजबूत करने पर चर्चा हुई बैठक में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने युवा कांग्रेस सोशल मीडिया की बैठक का मागदर्शन करते हुए कार्यकताओं को संगठन मजबूत करने का निर्देश दियो

बैठक में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विशाल सिंह,उत्तर प्रदेश सोशल मीडिया के इंचार्ज शांतनु सिंह की मौजूद रहे कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे,प्रदेश अध्यक्ष विशाल सिंह,इंचार्ज शांतनु सिंह,चीफ कन्वेनर विनीत चौबे,सत्यम पांडेय,अंजलि उपाध्याय, उत्कर्ष पांडेय रमाकांत मौर्य,अनीता त्रिपाठी,इशांक चौबे, मदन कुमार समेत सैकड़ो युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

# पीरपैंती के पूर्व विधायक ईललन कुमार को दिल्ली के भारत मंडप में किया गया सम्मानित



**एहसान अंसारी**

**नई दिल्ली:** मंगलवार को दिल्ली के भारत मंडपम में दुनियां की पहली पेड पीरीयड लीव डाक्यूमेंट्री फिल्म सम्मान समारोह की राष्टीय स्क्रीनिंग रंजीता प्रियदर्शिनी के संयोजक में आयोजित की गई। जहां बिहार के भागलपुर जिला के पीरपैंती विधानसभा क्षेत्र से पुर्व विधायक ईललन कुमार विधानसभा में आवाज उठाने वाले आवाज बुलंद करने वाले पहले विधायक थे जिन्हें दिल्ली के भारत मंडपम में लोकसभा सांसद बांसुरी स्वराज के द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित होकर पूर्व विधायक ईललन कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा ये सम्मानित मेरे लिए अनमोल पल है में खुद को भाग्यशाली हु जो मुझे ईश्वर ने बिहार विधानसभा में ये आवाज उठाने के लिए मौका दिया साथ ही में अपने पीरपैंती विधानसभा क्षेत्र से वासियों को भी धन्यवाद करता हूं मै सदैव क्षेत्र वासियों और बिहार वासियों के लिए हक ईसाफ सच्चाई की आवाज उठाता रहूंगा।

# राजाराम कसाना की सत्रहवीं पुन्य तिथि पर विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**औरंगाबाद/बुलंदशहर** । समाजवादी विचारों के प्रखर समर्थक लोकप्रिय सामाजिक कार्यकर्ता स्व राजाराम कसाना की सत्रहवीं पुन्य तिथि धूमधाम से मनाई गई।हवन करके श्रद्धांजलि सभा हुई। विशाल भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। गांव मनियां टीकरी स्थित समाधी स्थल पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। हवन किया गया। जिसमें उनके पुत्र पूर्व जिला पंचायत सदस्य वरिष्ठ भाजपा नेता एवं साईं कांवेंट स्कूल खानपुर के चेयरमैन अशोक कसाना मुख्य यजमान रहे।? परिजनों सहित सैकड़ों लोगों ने अपनी आहूतियां दीं। पूजा अर्चना पंडित राजकुमार अवस्थी ने संपन्न कराई। तत्पश्चात कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कन्याओं की पूजा कर उन्हें भोजन कराया गया और उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में गणमान्य लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया गया। विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर स्याना विधायक देवेंद्र सिंह लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा डीके शर्मा,सी ओ स्याना प्रखर पांडेय, खानपुर थाना प्रभारी संदीप मलिक एडवोकेट रामरिख सिंह खनौदा हरियाणा से पधारे गोपाल तंवर, आदि सैकड़ों गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अशोक कसाना ने आगंतुक अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सुपरस्टार धर्मेंद्र के निधन से प्रवीण कुमार फैन अति दुखी



**राजेन्द्र सिंह**

**बुलंदशहर.**सिनेमा जगत के सुपरस्टार धर्मेंद्र अब हमारे बीच नहीं है। लेकिन धर्मेंद्र के करोड़ों फैंस की तरह बुलंदशहर में भी एक फैन उनका ऐसा है जो धर्मेंद्र के स्वर्गवास होने की खबर मिलने के बाद बहुत ज्यादा गमजदा है। धर्मेंद्र के फैन प्रवीण कुमार बचपन से धर्मेंद्र को पिता का दर्जा देते हैं।उनका कहना है कि उनका धर्मेंद्र से मोहब्बत का रिश्ता है। प्रवीण ने पहली बार 8 साल की उम्र में धर्मेंद्र की *मां* फिल्म देखी और उसके बाद उन्होंने अपने घर का नाम भी *मां* रख दिया। फिर धर्मेंद्र की फिल्में देखने का सिलसिला लगातार शुरू हो गया और हद तो तब हो गई जब प्रवीण ने धर्मेंद्र की फिल्मों के एक दिन में चार-चार शो देखे। प्रवीण बताते हैं कि 2007-2008 में उनकी पहली मुलाकात धर्मेंद्र से दिल्ली के एक होटल में हुई। उसके बाद प्रवीण का मुंबई जाना शुरू हुआ। एक मौका ऐसा भी आया जब धर्मेंद्र ने यशराज प्रोडक्शन हाउस के एक शो में प्रवीण को भेज और वहां से प्रवीण को तोहफे में एक घड़ी मिली जिस पर धर्मेंद्र का ऑटोग्राफ भी है। प्रवीण कहते हैं कि धर्मेंद्र बहुत ही नम्र स्वभाव के व्यक्ति थे।

# सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर**/न्याय पंचायत स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा 2025 के अंतर्गत मंगलवार को शिकारपुर क्षेत्र की न्याय पंचायत महमूदपुर की खेलकूद प्रतियोगिता बरौली के खेल मैदान पर सम्पन्न हुई ।जिसका शुभारंभ मण्डल अध्यक्ष विकास गर्ग द्वारा फीता काटकर किया गया।इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रभात शर्मा, कार्यक्रम संयोजक नीरज शर्मा, मनवीर सिंह प्रधानपति, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रमोद सिंह, सभासद कपिल आर्य, राजकुमार सिंह उपस्थित रहे। खेल कूद प्रतियोगिताओं में दौड़, लंबी कूद,कब्बड्डी, खो खो,आदि बालक/बालिका वर्ग में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी खेल प्रतियोगिताएं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अभिषेक त्यागी और बेसिक शिक्षा विभाग के पीटीआई की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी

100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में अश्वनी ने प्रथम, अरुण ने द्वितीय एवं सचिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में राधिका प्रथम, काव्या द्वितीय एवं पायल तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग में करण प्रथम, हिमांशु द्वितीय एवं अरुण तृतीय स्थान पर रहे। लंबी कूद में बबीता प्रथम, ज्योति द्वितीय एवं बुलबुल तृतीय स्थान पर रहे। खोझखो बालिका वर्ग में बरौली की टीम विजयी रही। कबड्डी बालक वर्ग में जी० एन० पब्लिक स्कूल बरौली की टीम प्रथम रही। सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

# लेखपाल और बीएलओ घर घर जाकर मतदाताओं को कर रहे जागरूक



**वेलकम इंडिया**

**शिकारपुर**। मंगलवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए चल रहे अभियान के तहत एसडीएम अरुण कुमार वर्मा के निर्देशन में एसआईआर के कार्य में तेजी लाने के निर्देश पर शिकारपुर कस्बा लेखपाल हरीश कुमार ने मतदाता सूची को लेकर लोगों को किया जागरूक लेखपाल ने कस्बा वासियों ने अपील की है कि एस.आई.आर के तहत चल रहे अभियान में मतदाता बीएलओ का सहयोग करें और अपने परिवार की जानकारी साझा करें। बीएलओ मनोज बरगोती ने मौहल्ला चैनपुरा में पूर्व सभासद राहुल चौधरी और बूथ अध्यक्ष राकेश कुमार के सहयोग से बूथ नंबर 05 में एसआईआर के फॉर्म वितरण कराए और संबंधित जानकारी दी।

# केंद्रीय मंत्री व लोजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान से मिले लोजपा (रा) छात्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अर्पण पाठक, बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत की दी बधाई

**(संतोष कुमार सिंह)**



**वाराणसी** :- दिल्ली स्थित खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय में केंद्रीय मंत्री व लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान से लोजपा( रा ) छात्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अर्पण पाठक ने मिलकर बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत की बधाई दी अर्पण पाठक ने बताया कि यह जीत पार्टी की व राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग जी की मेहनत, दृढ़ता और संकल्प जो उन्होंने बिहार को फर्स्ट बनाने का लिया है उसका परिणाम है जनता को चिराग जी के विजन बिहार फस्ट बिहारी फस्ट पर पूर्ण भरोसा व आस है कि यह उनके भविष्य को सवार सकता है यह जीत चिराग जी और लोजपा( रा ) की भूमिका की महत्वपूर्णता को दशार्ता है कि जिन-जिन सीटो पर लम्बे समय से एनडीए जीत नही हासिल कर पायी वहां भी लोजपा ने अपना परचम लहरायो चिराग जी मे जनता अपना भविष्य देखती है और निश्चित रूप से आने वाले समय मे उनके नेतृत्व में बिहार का स्वर्णिम काल लोजपा रामविलास रचेगी। इसी क्रम में अर्पण पाठक ने बताया कि आगामी 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी लोजपा रामविलास अहम भूमिका में रहेगी चिराग जी की विचारधारा और कार्यशैली से उत्तर प्रदेश के लाखो युवा भी काफी प्रेरित है और उनको व पार्टी को यहां भी हिस्सा लेने देखना चाहते है जैसे बिहार को फर्स्ट बनाने का संकल्प अध्यक्ष जी ने लिया है वैसे ही उत्तर प्रदेश को सर्वोच्च बनाने का और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार को मजबूत करने का काम लोजपा रामविलास करेगी इसी क्रम में अर्पण पाठक ने बताया कि जल्द ही पूरे प्रदेश का दौरा करेंगे और पार्टी के विभिन प्रदेश व जिलाध्यक्ष से मिलकर उत्तर प्रदेश को सर्वोच्च बनाने की रणनीति को तैयार करेंगे। केंद्रीय मंत्री व लोजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान से मिले लोजपा( रा ) छात्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अर्पण पाठक, बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत की दी बधाई

# आइसार्क के निदेशक डॉ सुधांशु सिंह को छठवें अंतर्राष्ट्रीय एग्रोनॉमी कांग्रेस में भारतीय एग्रोनॉमी सोसाइटी के फेलो अवार्ड से किया गया सम्मानित



**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसी**:- अंतर्राष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान (इरी) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र ( आइसार्क ) के निदेशक डॉ. सुधांशु सिंह को भारतीय एग्रोनॉमी सोसाइटी के फेलो अवार्ड से सम्मानित किया गया है यह पुरस्कार एग्रोनॉमी के क्षेत्र में सर्वोच्च सम्मानों में से एक है जो कृषि अनुसंधान,नवाचार और टिकाऊ खेती प्रणालियों में विशिष्ट योगदान को मान्यता देता है डॉ.सिंह को यह सम्मान एग्रोनॉमी के क्षेत्र में उनके विगत तीन दशकों के उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया यह पुरस्कार उन्हें अंतर्राष्ट्रीय मक्का एवं गेहूं सुधार केंद्र (सिमिट) के महानिदेशक डॉ. ब्रैम गोवट्र्स और रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पंजाब सिंह द्वारा प्रदान किया गया यह सम्मान छठवें अंतर्राष्ट्रीय एग्रोनॉमी कांग्रेस के दौरान दिया गया जिसका विषय था स्मार्ट एग्री-फूड सिस्टम और पर्यावरणीय संरक्षण के लिए एग्रोनॉमी का पुनःपरिकल्पन यह अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस 24 से 26 नवंबर 2025 को नई दिल्ली में आयोजित हो रही है इस कांग्रेस का उद्घाटन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया जिसमें केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भगीरथ चौधरी,कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव देवेश चतुर्वेदी और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ.एम.एल.जाट की गरिमामयी उपस्थिति रही इस आयोजन में भारत एवं विश्वभर से आए 500 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं जिनमें वैज्ञानिक,नीति निमार्ता,शोधकर्ता और प्रगतिशील किसान शामिल हैं मूल रूप से उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के निवासी डॉ. सुधांशु सिंह एक विश्व प्रसिद्ध एग्रोनॉमिस्ट हैं उन्होंने आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, अयोध्या से कृषि में बी.एस.सी.तथा एग्रोनॉमी में एम.एस.सी.की पढ़ाई की और दोनों ही पाठ्यक्रमों में स्वर्ण पदक प्राप्त किया उन्होंने अपने करियर की शुरूआत राजस्थान सरकार में अधिकारी के तौर पर की और बाद में फिलीपींस स्थित अंतर्राष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान (इरी) में बाढ़ सहनशील (सब1) धान पर पीएच.डी.शोध किया जिसके बाद उन्होंने पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप पूरा किया।

# एक दिसंबर से शुरू होगी 'बिजली बिल राहत योजना

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** बिजली बिल के बकायेदार उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से विद्युत विभाग ने बहुप्रतीक्षित बिजली बिल राहत योजना लागू करने की घोषणा कर दी है। एक दिसंबर से शुरू हो रही यह विशेष योजना फरवरी 2026 तक चलेगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस बार बकायेदारों को सरचार्ज पर पूरी 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी, जबकि मूल बिल में भी चरणवार भारी छूट का प्रावधान रखा गया है। योजना के तहत तीन चरणों में राहत दी जाएगी। पहले चरण में उपभोक्ताओं को मूलधन पर 25' छूट, दूसरे चरण में 20', जबकि तीसरे चरण में 15' की छूट मिलेगी। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को 2000 रुपये का पंजीकरण शुल्क अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। यह सुविधा उन्हीं उपभोक्ताओं को दी जाएगी जिनका बकाया 31 मार्च 2025 से पहले का है। विद्युत विभाग ने बकायेदारों को दो श्रेणियों में विभाजित किया है। पहली श्रेणी में वे उपभोक्ता हैं जिन्होंने कनेक्शन लेने के बाद एक बार भी बिल जमा नहीं किया है। मोदीनगर-मुरादनगर क्षेत्र में ऐसे 976 उपभोक्ता हैं, जिन पर लगभग 498 लाख रुपये बकाया है। दूसरी श्रेणी में वे उपभोक्ता हैं जिन्होंने 31 मार्च 2025 तक भुगतान नहीं किया, ऐसे उपभोक्ताओं की संख्या 22,222 है और इन पर करीब 3473 लाख रुपये बकाया है। इस वर्ष विद्युत विभाग ने बिजली चोरी करने वालों पर सख्ती भी बढ़ाई है। मोदीनगर-मुरादनगर क्षेत्र में 6105 बिजली चोरी के मामले पकड़े गए। सभी मामलों में संबंधित धाराओं में बिजली थाने में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इन उपभोक्ताओं पर वर्तमान में 2937 लाख रुपये बकाया है। योजना के अंतर्गत इन्हें सरचार्ज पर 100' छूट के साथ मूलधन पर 50' छूट दी जाएगी, जिससे वे अपने बकाया को आसानी से निपटा सकें। योजना तीन चरणों में लागू होगी पहला चरणः 1 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025, दूसरा चरणः 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 और तीसरा चरणः 1 फरवरी से 28 फरवरी 2026 है। यह योजना केवल एलएमवी-01 में दो किलोवाट तक और एलएमवी-02 में एक किलोवाट तक विद्युत भार वाले उपभोक्ताओं के लिए ही मान्य होगी। एक्सईएन मोदीनगर महेश उपाध्याय ने बताया कि विभाग उपभोक्ताओं से लगातार अपील कर रहा है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ अवश्य उठाएं। उन्होंने कहा कि योजना उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत देने के साथ-साथ बिजली चोरी और बकाया वसूली पर नियंत्रण करने में भी सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वह योजना शुरू होते ही पंजीकरण करवाकर अपना बकाया बिल जमा कर दें।

# दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के आकर्ष ने जीता 'विजेता ' का खिताब




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** सीबीएसई क्षेत्रीय विज्ञान प्रदर्शनी-2025 दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के आकर्ष ने जीता 'विजेता ' का खिताब गाजियाबादः 21 और 22 नवंबर 2025 को उत्तम पब्लिक स्कूल (गर्ल्स), गाजियाबाद में सीबीएसई क्षेत्रीय विज्ञान प्रदर्शनी-2025 का सफल आयोजन किया गया। इस वर्ष प्रदर्शनी का विषय 'विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए 'विज्ञान संकाय ' रखा गया था, जिसने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित महत्व को रेखांकित किया। ?इस प्रतिष्ठित आयोजन में कुल 68 स्कूलों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विद्यालय के आकर्ष ने अपने प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया। ?प्रदर्शनी की कक्षा सात व आठ श्रेणी में, दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के छात्र आकर्ष को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विजेता घोषित किया गया। आकर्ष ने अपनी वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता से जजों को प्रभावित किया और क्षेत्रीय स्तर पर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। ? विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र कुमार राणा ने कहा कि यह प्रदर्शनी युवा छात्रों में वैज्ञानिक चेतना और नवाचार की भावना को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ?स्कूल प्रबंधन और उपप्रधानाचार्या डॉ गुरमीत गुप्ता ने भी सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## एमएमजी अस्पताल में भर्ती दो मरीजों की हालत बिगड़ी, एक की मौत

**गाजियाबाद।** जिले में बढ़ते वायु प्रदूषण और मौसम में तेजी से बढ़ते संक्रमण का असर स्वास्थ्य सेवाओं पर स्पष्ट दिखने लगा है। मंगलवार को जिला एमएमजी अस्पताल की आपातकालीन सेवा में गंभीर स्थिति में लाए गए 59 वर्षीय सतीश कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। विजयनगर स्थित गऊपुरी निवासी सतीश को बेहोशी की हालत में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों के अनुसार उन्हें आंतों में गंभीर संक्रमण था और हाइपरटेंशन के साथ सांस लेने में अत्यधिक परेशानी हो रही थी। जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों को शव सौंप दिया गया है। इसी के साथ डासना जेल से लाए गए सिद्धदोष बंदी सतीश को भी सांस लेने में गहरी परेशानी के चलते एमएमजी में भर्ती कराया गया। उसकी स्थिति नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने तुरंत उसे उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर कर दिया। सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में मंगलवार को मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी। सिर्फ बुखार के 193 मरीज पहुंचे, जिनमें से 48 बच्चे भी शामिल थे। एमएमजी अस्पताल में कुल 108 एक्स–रे किए गए जिनमें 85 चेस्ट एक्स–रे शामिल थे। 19 मरीजों को भर्ती किया गया और छह को गंभीर हालत में रेफर किया गया। ओपीडी में खांसी, जुकाम, चेस्ट पेन और सांस लेने में दिक्कत के 50 से अधिक मरीज पहुंचे। प्रदूषण और ठंडी हवा के कारण मरीजों में आंखों में जलन, गले में खराश और सांस फूलने की शिकायतें भी बढ़ रही हैं। मंगलवार को एमएमजी अस्पताल, संजयनगर संयुक्त अस्पताल और डूंडाहेड़ा अस्पताल की ओपीडी में कुल 1,899 मरीज पहुंचे। इनमें 860 महिलाएं, 726 पुरुष और 283 बच्चे शामिल रहे। फिजिशियन डॉ. आलोक रंजन ने बताया कि खांसी के साथ सांस लेने में परेशानी वाले मरीज सबसे अधिक आ रहे हैं। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि सांस फूलने, घबराहट या लगातार खांसी की स्थिति में तुरंत चिकित्सक को दिखाएं। सुबह–शाम गरारे करें, भाप लें, ठंडे पेय पदार्थों से बचें और बाहर निकलते समय मास्क अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण में सुबह–शाम टहलना फिलहाल बंद कर देना चाहिए और योग घर के भीतर ही करना चाहिए। जिले में कुत्ते, बिल्ली और बंदर के काटने पर एंटी–रेबीज वैक्सीन लगवाने वालों की संख्या भी बढ़ी। मंगलवार को कुल 238 लोग वैक्सीन के लिए पहुंचे। इनमें पहली डोज लगवाने वालों की संख्या 71 रही, जिनमें 16 बच्चे शामिल थे। एमएमजी में 167 मरीजों में से 51 ने पहली डोज ली जबकि संयुक्त अस्पताल में 71 में से 20 लोगों को पहली डोज दी गई। दोनों अस्पतालों में 15 बुजुर्गों को भी वैक्सीन लगाई गई। जिले में डेंगू के मामलों में वृद्धि जारी है। मंगलवार को राजनगर निवासी 52 वर्षीय पुरुष की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, जिसके बाद जिले में अब तक डेंगू के कुल 328 मरीज दर्ज किए जा चुके हैं। मरीज को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## वेयर हाउस की दीवार ढहने से तीन महिलाओं की मौत, चौथी की हालत नाजुक

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र में ज्ञानी बॉर्डर के पास मंगलवार को हुए दर्दनाक हादसे में दीवार गिरने से जान गंवाने वाली तीन महिलाओं के परिवारों का दर्द अभी भी ताजा है। मामले में पुलिस ने सोमवार को वेयर हाउस संचालक राहुल सिंह से पूछताछ की है, जबकि हादसे में गंभीर रूप से घायल इशरत का उपचार दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में जारी है और उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। यह हादसा सीमापुर चौकी क्षेत्र में उस समय हुआ जब एक खाली प्लॉट पर निर्माण कार्य चल रहा था। यहीं पास में रहने वाली सलमा, जमीला, इशरत और सज्जो ईंट तोड ? का काम कर रही थीं। दोपहर में चारों महिलाएं वेयर हाउस की दीवार के बिल्कुल समीप बैठकर खाना खा रही थीं। इसी दौरान वेयर हाउस की ऊंची व भारी दीवार अचानक भरभरा कर ढह गई और चारों महिलाएं मलबे में दब गईं। चीख–पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने उन्हें तुरंत बाहर निकालकर जिला एमएमजी अस्पताल पहुंचाया, जहां जमीला, सलमा और सज्जो ने दम तोड़ दिया। मृतका जमीला के पति रहसुद्दीन ने 19 नवंबर को पुलिस में तहरीर देकर रिद्धि इंटरप्राइजेज नाम से संचालित वेयर हाउस के ऑपरेटर राहुल सिंह पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि वेयर हाउस की दीवार बेहद कमजोर थी–सिंगल ईंट की मोटाई, बिना किसी पिलर का सहारा और उसके सहारे भारी भरकम लोहे के पाइप खड़े किए गए थे। इससे दीवार पर अतिरिक्त दबाव पड़ा और वह मौके पर ही ढह गई। पीड़ितों का आरोप है कि संचालक की लापरवाही और अवैज्ञानिक निर्माण ने तीन परिवारों की जिंदगी उजाड़ दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सोमवार को राहुल सिंह से विस्तृत पूछताछ की है। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि मामले की तकनीकी और कानूनी दृष्टि से जांच की जा रही है। दीवार के निर्माण, उसकी मजबूती, पाइपों के भार और पूरे घटनाक्रम की जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## आरकेजीआईटी कॉलेज की शिक्षिका महिमा की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत, बस ने मारी टक्कर

**गाजियाबाद।** मेरठ रोड पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में आरकेजीआईटी कॉलेज की शिक्षिका महिमा की जान चली गई। तेज रफ्तार बस ने उनकी स्कूटी को टक्कर मारी, जिससे स्कूटी असंतुलित होकर गिर गई। सड़क पर सिर लगने से महिमा गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तुरंत संजयनगर स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हादसे के समय स्कूटी महिमा के सेवानिवृत्त पिता प्रभाकर शर्मा चला रहे थे। दुर्घटना में वे मामूली रूप से घायल हुए हैं, पर बेटी की अचानक हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस का गति नियंत्रण पूरी तरह बिगड़ा हुआ था और वह सीधे स्कूटी से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि महिमा कुछ मीटर दूर जाकर गिरीं और उनका सिर सड़क पर बुरी तरह लग गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बस चालक की तलाश शुरू कर दी है। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे ने बताया कि महिमा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि बस चालक की पहचान की जा सके और दुर्घटना की वास्तविक परिस्थितियों का पता लगाया जा सके। आरकेजीआईटी कॉलेज के शिक्षकों और छात्रों में भी इस घटना से शोक की लहर है। महिमा को एक प्रतिभाशाली और विद्यार्थी–प्रिय शिक्षिका के रूप में जाना जाता था।

# बिजली बिल राहत योजना 1 दिसंबर से से लागू की जा रही है-महेश उपाध्याय

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)** विद्युत वितरण मण्डल, गाजियाबाद के अधीक्षण अभियन्ता महेश उपाध्याय ने बताया कि प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0, लखनऊ के पत्रांक 3308 दिनांक 13.11.2025 के द्वारा शासन की मंशानुसार नेवर पेड व लॉन्ग अनपेड विद्युत उपभोक्ताओं के लिए विद्युत बिल तथा विद्युत चोरी के प्रकरणों में राजस्व निर्धारण की धनराशि में छूट हेतु बिजली बिल राहत योजना 2025-26 दिनांक 01.12.2025 से लागू की जा रही है।

उक्त योजना तीन चरणों में लागू की गयी है। जिसमें प्रथम चरण दिनांक 01.12.2025 से 31.12.2025 तक, द्वितीय चरण दिनांक 01.01.2026 से 31.01.2026 एवं तृतीय चरण दिनांक 01.02.2026 से 28.02.2026 तक प्रचलित रहेगा। बिजली बिल राहत योजना 2025-26 का लाभ प्राप्त करने हेतु धनराशि रू0 2000/- का भुगतान कर, पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। यह योजना एल०एम०वी०-1 (घरेलु) अधिकतम विद्युत भार 02 किलोवाट तथा एल०एम०वी०-2 (वाणिज्यिक) अधिकतम विद्युत भार 01 किलोवाट तक ही लागू की गयी है। नेवर पेड उपभोक्ता के अभिप्राय ऐसे उपभोक्ता से है जिनके द्वारा कभी भी विद्युत बिल का भुगतान नही किया हो एवं संयोजन की तिथि 31.03.2025 अथवा इससे पूर्व की हो। लॉन्ग अनपेड उपभोक्ता से अभिप्राय ऐसे उपभोक्ताओं से जिनके द्वारा विद्युत बिल के सापेक्ष अन्तिम भुगतान दिनांक 31.03.2025 अथवा इससे पूर्व में किया हो।

महेश उपाध्याय ने बताया कि विद्युत वितरण मण्डल, गाजियाबाद के अधीन विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर तथा विद्युत वितरण खण्ड, मुरादनगर के अन्तर्गत नेवर पेड श्रेणी के 976 नं० उपभोक्ता है जिनकी धनराशि रू0 498/- लाख तथा लॉन्ग अनपेड श्रेणी के 22222 नं० उपभोक्ता है जिनकी धनराशि रू0 3473/- लाख है।

साथ ही साथ यहां यह भी सूचनीय है कि विद्युत चोरी के प्रकरणों में 6105 नं० उपभोक्ता है जिनकी धनराशि रू0 2937/- लाख है। इसके अतिरिक्त जिन नेवर पेड एवं लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं के विरुद्ध धारा-05 निर्गत की गयी है। वह भी उक्त योजना का लाभ प्राप्त कर, विद्युत बिल बकायें का भुगतान करा सकेंगे।

उक्त योजना हेतु प्रथम बार विद्युत बिल के सरचार्ज के अतिरिक्त बिल की मूल धनराशि में भी छूट प्रदान की गयी है। प्रथम चरण में 25 प्रतिशत, द्वितीय चरण में 20 प्रतिशत एवं तृतीय चरण में 15 प्रतिशत मूल बिल माफी का प्रावधान है। विद्युत वितरण मण्डल, गाजियाबाद के अधीन विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर तथा विद्युत वितरण खण्ड, मुरादनगर के समस्त नेवर पेड एवं लॉन्ग अनपेड तथा विद्युत चोरी में संलिप्त उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि शासन की मंशानुसार नेवर पेड व लॉन्ग अनपेड विद्युत उपभोक्ताओं के लिए विद्युत बिल तथा विद्युत चोरी के प्रकरणों में राजस्व निर्धारण की धनराशि में छूट हेतु हेतु दिनांक 01.12.2025 से लागू बिजली बिल राहत योजना 2025-26 का लाभ प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी खण्ड/उपखण्ड/उपकेन्द्र/जनसुविधा केन्द्र के माध्यम से पंजीकरण कराकर, अपने विद्युत बिल का भुगतान करने का कष्ट करें। यदि दिनांक 01.12.2025 से लागू की जा रही बिजली बिल राहत योजना 2025-26 में भी नेवर पेड तथा लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं द्वारा अपने बकाया विद्युत बिल का भुगतान नही किया जाता है तो सम्बन्धित उपभोक्ताओं के विरूद्ध विभागीय नियमानुसार कार्यवाही किये जाने की बाध्यता होगी।

# गुरू तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस पर गुरूद्वारों में विविध आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** सिखों के धर्मगुरू गुरू तेग बाहदुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस पर मोदीनगर व गोविंदपुरी स्थित गुरूद्वारों में कीर्तन दरबार, श्री अखण्ड पाठ, भोग व गुरू का लंगर आदि विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भारी तादाद में श्रद्धालु संगत उपस्थित रही। मुख्य ग्रंथी गुरूदीप सिंह ने कीर्तन किया। मोदीनगर के गुरूद्वारा रोड स्थित गुरूद्वारे में वक्ताओं ने गुरू तेग बहादुर साहिब के आदर्शो एवं उनकी सेवाओं पर प्रकाश डाला। इसी श्रृंखला में वरिष्ट उपप्रधान सरदार राजेंद्र सिंह ने काव्य पाठ कर संगत को निहाल किया। डा0 केएन मोदी ग्लोबल स्कूल की एक मेधावी छात्रा गुरूवीन कौर को सम्मानित किया गया। सरदार जसपाल सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। गुरूदीप कौर, गुरूमिंद्रर सिंह, रमेश नारंग, अजय ग्रोवर, राधा नारंग, सरदार देवेंद्र सिंह, सरदारनी जसमीन कालरा सहित अनेक श्रद्धालु संगत मौजूद रही। सभी ने अंत में गुरू का लंगर चखा।

# अर्टिका कार के धक्के से मोपेट सवार की मौत, पत्नी व नाती घायल

वेलकम इंडिया



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के जोगियापुर गांव स्थित कछवां-कपसेठी मार्ग पर मंगलवार की सुबह अर्टिका कार के धक्के से मोपेट सवार किसान की दर्दनाक मौत हो गई वही पत्नी व नाती समेत दो गम्भीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के जोगियापुर गांव निवासी संतलाल यादव उम्र (55) वर्ष अपने पत्नी राधा देवी के साथ 8 माह के नाती अमन को लेकर दवा हेतु कछवांरोड हॉस्पिटल गए हुए थे।दवा लेकर वापस जैसे ही जोगियापुर चट्टी के पास पहुंचे थे कि कपसेठी के तरफ से आ रही तेज रफ्तार अर्टिका कार ने मोपेट में जोरदार टक्कर मार दिया।जिससे मोपेट सवार संतलाल यादव, राधा देवी व 8 माह का अमन गम्भीर रूप से घायल हो गया।ग्रामीणों की सूचना पर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय व कछवांरोड चौकी प्रभारी गणेश पटेल ने सभी घायलों को इलाज हेतु एम्बुलेंस की मदद से सीएससी सेवापुरी भेजा गया जहां डॉक्टरों ने संतलाल को मृत घोषित कर दिया वही राधा देवी को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया बच्चे का इलाज चल रहा है।मृतक के परिजन व ग्रामीण शव लेकर घटना स्थल पर पहुंचकर शव रोड पर रख दिए।घटना की सूचना पर एसीपी राजातालाब अजय कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम राजातालाब शांतुन सिनसिनवार, कपसेठी समेत अन्य जगहों की फोर्स मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने बुझाने में लगी रही कुछ देर में ही शव को पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दी।मृतक किसानी का कार्य करता था व दो पुत्र व दो पुत्री का पिता बताया गया।मृतक के मौत की सूचना मिलते है परिजनों में कोहराम मच गया।घटना के बाद अर्टिका कार सवार गाड़ी छोड़कर भाग निकला।पुलिस क्षतिग्रस्त कार व मोपेट को कब्जे लेकर पुलिस चौकी ले आई।पुलिस ने आरोपी अर्टिका चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालक के तलाश में जुट गई।

# आई . टी . एस . मोहन नगर में एमसीए फ्रेशर्स पार्टी 'एसपरेंजा-2025' का रंगारंग आगाज

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (आईटीएस), मोहन नगर में मंगलवार को एमसीए पाठ्यक्रम के नवप्रवेशी छात्रों के लिए बहुप्रतीक्षित फ्रेशर्स पार्टी 'एसपरेंजा-2025' का भव्य आयोजन किया गया। संस्था के द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा की गई इस शानदार मेजबानी ने पूरे परिसर को उत्साह, रचनात्मकता, संगीत और उमंग से भर दिया। स्वागत-संवेदनाओं, कला-संस्कृति और युवा ऊर्जा के इस अद्भुत संगम ने कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। आईटीएस समूह के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार का आयोजन नए छात्रों की यात्रा की उजली शुरूआत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आईटीएस में सदैव यह प्रयास किया जाता है कि विद्यार्थियों को ऐसा शैक्षणिक वातावरण मिले जहाँ शिक्षा के साथ नेतृत्व क्षमता, व्यक्तित्व विकास, रचनात्मकता और नवाचार को भी समान महत्व दिया जाए। उन्होंने सभी नवागंतुकों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन आईटीएस, मोहन नगर, गाजियाबाद के निदेशक डॉ. सुनील कुमार पांडेय तथा एमसीए पाठ्यक्रम की कोऑर्डिनेटर प्रो. स्मिता कंसल ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रकाश और ज्ञान के इस प्रतीकात्मक अनुष्ठान ने समारोह को गरिमा और संस्कारों से ओत-प्रोत कर दिया। आईटीएस समूह के चेयरमैन द्वारा नए विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ भेजी गईं, जिसमें उन्होंने कहा कि आईटीएस सदैव छात्रों को सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए संकल्पित है।

निदेशक डॉ. सुनील कुमार पांडेय ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि एसपरेंजा केवल एक फ्रेशर्स पार्टी नहीं, बल्कि यह वरिष्ठ और कनिष्ठ छात्रों के बीच संवाद, सहयोग और टीम भावना के मजबूत आधार को स्थापित करने का अवसर है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन नवागंतुकों को नए वातावरण में सहजता से घुलने-मिलने, अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे की यात्रा के लिए आत्मविश्वास प्राप्त करने में सहायक होगा। उन्होंने सभी छात्रों के उज्ज्वल तथा प्रकाशमय भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ भी दीं। फ्रेशर्स पार्टी का मुख्य आकर्षण बना रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, जिसमें नृत्य, संगीत, नाटक और आधुनिक-लोक मिश्रित प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों की ऊर्जा और प्रस्तुति कौशल ने सभागार में उत्साह का माहौल बना दिया। इसके बाद आयोजित हुआ रोमांचक फैशन-शो, जिसने कार्यक्रम को ग्लैमर और आकर्षण की नई ऊँचाइयाँ प्रदान कीं।

# जिलाधिकारी ने की ठंड एवं शीत लहरी के सम्बन्ध में जूम के माध्यम से ऑनलाईन समीक्षा बैठक हुई

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** श्री सौरभ भट्ट अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) गाजियाबाद ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में अत्यधिक ठंड एवं शीत लहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को दृष्टिगत समस्त जनपद स्तरीय अधिकरियों के साथ ठण्ड की तैयारी के सम्बन्ध में जूम मीटिंग के माध्यम से ऑनलाईन समीक्षा बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में अत्यधिक ठंड एवं शीत लहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गाजियाबाद, श्री रविन्द्र कुमार माँदड ने ऑनलाईन बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को रैन बसेरे/शेल्टर होम बनाने एवं उनमें सभी मूलभूत सुविधाओं को चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में अत्यधिक ठंड एवं शीत लहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी क्रम में संबंधित अधिकारियों द्वारा आश्रयहीन व्यक्तियों के लिए रैन बेसरों/शेल्टर होम नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत में विभिन्न स्थानों पर बनाए गए है, ताकि कोई भी व्यक्ति रात में सड़क या फुटपाथ पर सोने के लिए बाध्य न हो। उन्होंने बताया कि इन रैन बसेरों / शेल्टर होम में रुकने वाले कमजोर वर्ग के लोगों को ठंड से बचने के लिए आवश्यक समस्त उपाय जैसे गद्दे, कंबल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं किचन आदि का प्रबंध निःशुल्क एवं रैन बसेरों के आसपास अलाव जलाने की व्यवस्था की जाएगी। जिलाधिकारी ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर चौराहा का निरीक्षण किया जाए कोई भी व्यक्ति रोड पर सोता हुआ ना मिले, हर व्यक्ति को रेन बसेरा और कंबल की व्यवस्था की जाए। साथ ही गरीब लोगों को चिन्हित कराके उनके लिए कंबल की व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी ने जिला सर्विलांस अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग गाजियाबाद को ठण्ड में उत्पन्न होने बीमारियों के दृष्टिगत अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्थाएं किये जाने के निर्देश दिये गये। एवं पशु पालन विभाग को गौशाला में रहने वाले पशुओं को ठण्ड से बचाव के लिए आवश्यक व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम गाजियाबाद को ठण्ड से बचाव हेतु प्रचार प्रसार किये जानें एवं रैन बसेरो में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने आर०टी०ओ एवं जिला गन्ना अधिकारी गाजियाबाद को ट्रेक्टर-ट्राली, ट्रक एवं अन्य वाहनों पर रेडियम पट्टी आदि लगवाये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शीत लहर से बचाव हेतु समस्त तैयारी तत्काल पूर्ण करते हुए रैन बसेरों/शेल्टर होम में तैनात केयर टेकर का नाम, पदनाम, मोबाइल नंबर एवं अलाव जलाए जाने के लिए चिह्नित स्थानों की सूची फोटोग्राफ सहित यथाशीघ्र जिला आपदा विशेषज्ञ गाजियाबाद को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उक्त कार्य में किसी भी प्रकार के लापरवाही व शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। साथ ही अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि शीत लहरी एवं ठंड से बचाव कार्यक्रमों का जनपद में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराया जाए, ताकि सभी जरूरतमंदों तक बचाओ कार्यक्रमों का लाभ पहुंच सके।

# 5 साल के इंतजार के बाद किसानों को मिलेंगे भूखंड

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** मधुबन बापूधाम योजना से प्रभावित किसानों का लंबे समय से चल रहा इंतजार अब समाप्त होने जा रहा है। 15 साल के इंतजार के बाद अब उन्हें उनके अधिकारानुसार भूखंड प्रदान किए जाएंगे। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने घोषणा की है कि 27 और 28 नवंबर को हिंदी भवन में किसानों को भूखंड देने के लिए लॉटरी ड्रॉ निकाला जाएगा। दो दिनों में होने वाले इस ड्रॉ में कुल 647 भूखंड वितरित किए जाएंगे, जिन्हें प्राप्त करने के बाद किसान नक्शा पास कराके निर्माण कार्य शुरू कर सकेंगे।




मधुबन बापूधाम योजना वर्ष 2004 में छह गांव की लगभग 1,234 एकड़ जमीन पर शुरू की गई थी। प्रारंभ में जीडीए ने 800 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया और 153 एकड़ और जोड़कर इसे विकसित किया। लेकिन शेष 281 एकड़ जमीन के किसानों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। साल 2016 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद जीडीए ने नए भू-अधिग्रहण कानून के तहत इन किसानों को मुआवजा देते हुए जमीन का अधिग्रहण किया। इस फैसले के बाद अब 800 एकड़ जमीन के किसान भी नए भू-अधिग्रहण कानून के तहत बड़े मुआवजे की मांग कर रहे थे। इसके साथ ही सभी किसान यह भी मांग कर रहे थे कि जमीन के एवज में उन्हें भूखंड उपलब्ध कराए जाएं। अब जीडीए ने किसानों को उनकी जमीन के अनुपात में नियमानुसार भूखंड देने का निर्णय लिया है। जीडीए अधिकारी ने बताया कि ड्रॉ दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहले दिन छोटे भूखंड का, जबकि दूसरे दिन 200 वर्ग मीटर से बड़े भूखंड का ड्रॉ निकाला जाएगा। इस ड्रॉ से प्रभावित किसानों को लंबे समय से चली आ रही परेशानी से राहत मिलेगी। करीब 15 साल का इंतजार समाप्त होने के साथ ही किसानों को उनके भूखंड मिलेंगे और वे निर्माण कार्य शुरू कर सकेंगे। इस पहल को शहर और ग्रामीण क्षेत्र दोनों में स्वागत किया जा रहा है। अधिकारीयों का कहना है कि यह कदम न केवल किसानों के लिए आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण है।

## ये नये लोग ये नई दुनियाँ

चाहती क्या है जाने क्या मालूम।
दौर दुनियाँ में रंजिशे का है,
सोचती क्या है जाने क्या मालूम।

अब तो कुछ भी पता नहीं चलता,
हाथ कोई कहाँ छुड़ा लेगा।
जब हवा भी जहर भरी होगी,
बेवफा जिंदगी का का क्या मालूम।

हर तरफ शोर बेतुका सा है,
आग है सब धुआँ धुआँ सा है।
तीरगी छा गई दिमागों में,
खौफ कितना है जाने क्या मालूम।

नफरतें इस कदर बढ़ालीं हैं,
तंग रहता है आदमी खुदसे।
होड़ ऐसी कि घुट रहा है दम,
जीतना चाहता है क्या मालूम।

हम है उम्मीद जगाने वाले,
दीप आशा के जलाने वाले।
रुख हवाओं का हम बदल देंगे,
हौसला आँधियों को क्या मालूम।

साथ लेकर चलेंगे दुनियाँ को,
हम सहारा बनेंगे मुश्किल में।
हम विखरने नहीं देंगे कुछ भी,
सिर फिरें दुश्मनों को क्या मालूम।



संजीव शर्मा
पूर्व पार्षद गांधीनगर
गाज़ियाबाद।
मोबाइल नंबर 9311559382

# पुरानी पेंशन बहाली की गूँजः गाजियाबाद से सैकड़ों शिक्षक जंतर-मंतर के लिए रवाना

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** पुरानी पेंशन बहाली तथा 'शिक्षा का अधिकार' अधिनियम लागू होने से पूर्व शिक्षक पात्रता परीक्षा न कराने की माँग को लेकर मंगलवार को नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इसके लिए गाजियाबाद जनपद की अटेवा (राष्ट्रीय आन्दोलन पुरानी पेंशन व्यवस्था) इकाई तथा शिक्षकों के संघर्ष संगठन नमोप्स के सक्रिय सदस्य नीतू के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षक और कर्मचारी प्रातःकाल गाजियाबाद से दिल्ली के लिए प्रस्थान कर गए। सभी शिक्षक उत्साह, रोष और दृढ़ संकल्प के साथ पुरानी पेंशन बहाली की माँग को बुलंद करने निकले। धरने से पूर्व दिल्ली-एनसीआर में जिस प्रकार कई जनपदों के अटेवा पदाधिकारियों को नजरबंद किया गया और आंदोलन को कमजोर करने हेतु सरकार द्वारा एक दिन पहले विशेष शिविर आयोजित कर माहौल प्रभावित करने का प्रयास किया गया, उससे शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। शिक्षकों का कहना है कि यह कदम स्पष्ट करता है कि सरकार पुरानी पेंशन बहाली की प्रबल होती मांग से भयभीत है और आंदोलन को दबाने के प्रयास कर रही है। नेताओं ने कहा कि जहाँ जनप्रतिनिधियों को चार-चार पेंशनों का लाभ मिलता है, वहीं 30 से 40 वर्षों तक देश की सेवा करने वाला कर्मचारी जब सेवानिवृत्त होता है तो उसे बाजार आधारित नई पेंशन योजना में धकेल दिया जाता है। इस व्यवस्था में कर्मचारी का भविष्य पूर्णतः बाजार के उतार-चढ़ाव पर निर्भर कर दिया गया है, जो अत्यंत अनुचित और असुरक्षित है। इसी कारण सरकारी शिक्षकों, कर्मचारियों और अधिकारियों में नई पेंशन योजना के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। अटेवा और नमोप्स संगठनों ने दोहराया कि उनका यह संघर्ष केवल पेंशन व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि कर्मचारी सम्मान, सुरक्षित भविष्य और सामाजिक न्याय से जुड़ा व्यापक मुद्दा है। उन्होंने घोषणा की कि पुरानी पेंशन बहाल होने तक उनका आंदोलन बिना रुके हर मोर्चे पर जारी रहेगा। गाजियाबाद से जंतर-मंतर के लिए रवाना रैली का नेतृत्व जिले के वरिष्ठ नेताओं ने किया। इनमें जिलाध्यक्ष मनीष कुमार शर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार त्यागी, वरिष्ठ सलाहकार प्रमोद कुमार बंसल, जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मीनू शर्मा, दीपक चौबियान, संयुक्त मंत्री जयवर्धन सिंह, जिला प्रवक्ता प्रमोद पाठक, ब्लॉक अध्यक्ष भोजपुर राजपाल यादव, उपाध्यक्ष अजय कुमार, तथा संयुक्त मंत्री राकेश कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे।




# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी। एक्सप्रेसवे पर विपरीत दिशा में आ रही कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ बैठे दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। यह घटना गौड़ ग्रीन सोसायटी के सामने एक्सप्रेसवे पर हुई। मृतक अमन चौधरी की पत्नी कंचन, जो वर्तमान में गौतमबुद्ध नगर के बिसरख क्षेत्र के चिपियाना बुजुर्ग गांव में रहती हैं, ने बताया कि उनके पति मूलरूप से बिहार के वैशाली जिले के भगवानपुर प्रताप चाहर गांव के निवासी थे। 22 नवंबर की रात अमन अपने दोस्तों सोनू और विजेंद्र के साथ दिल्ली से बाइक पर घर लौट रहे थे। बाइक अमन ही चला रहे थे। जैसे ही तीनों दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर गौड़ ग्रीन सोसायटी के सामने पहुंचे, तभी दिल्ली के तुगलकाबाद निवासी कार चालक राहुल दास कार को एक्सप्रेसवे पर गलत दिशा में लेकर आ गया। तेज रफ्तार में आ रही इस कार ने सीधे बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अमन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सोनू और विजेंद्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद कंचन ने अपने स्तर पर जानकारी जुटाई तो आरोपी कार चालक की पहचान सामने आई। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की।

# एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय के विद्युत अभियंत्रण विद्यार्थियों का 220 केवी उपकेंद्र में औद्योगिक अध्ययन भ्रमण

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** डासना स्थित एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (डिप्लोमा) के विद्युत अभियंत्रण विभाग द्वारा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 21 नवम्बर को मुरादनगर स्थित 220 केवी विद्युत उपकेंद्र पर औद्योगिक अध्ययन भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। विद्युत प्रणाली की जटिलताओं, सुरक्षा उपायों और उपकेंद्र के वास्तविक संचालन की समझ विकसित करने हेतु आयोजित इस भ्रमण में कुल 26 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनके साथ विभाग के शिक्षक श्री संदीप कुमार तथा श्री राजेश शर्मा मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित रहे। विद्यार्थियों के उपकेंद्र पहुँचने पर कनिष्ठ अभियंता श्री मिंटू टोडीवाल ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया। उन्होंने उपकेंद्र की रूपरेखा, कार्यप्रणाली और विद्युत प्रवाह की पूरी प्रक्रिया को छात्रों के समक्ष सरल भाषा में विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस उपकेंद्र में 220 केवी आने वाली उच्च-दाब विद्युत धारा को 132 केवी और तत्पश्चात 33 केवी तक घटाया जाता है, जिसे विभिन्न क्षेत्रों और उद्योगों को वितरित किया जाता है। साथ ही, उन्होंने एकल रेखा प्रलेख (सिंगल लाइन डायग्राम), स्वचालित नियंत्रण प्रणाली (स्काडा प्रणाली), दोष-नियंत्रक अवरोधक (सर्किट अवरोधक), विद्युत रूपांतरक (ट्रांसफॉर्मर), रक्षा रिले, आकाशीय विद्युत अवरोधक (लाइटनिंग अरेस्टर), भार विच्छेदक स्विच (लोड ब्रेक स्विच) तथा तरंग अवरोधक (वेव ट्रैप) जैसे महत्वपूर्ण उपकरणों की तकनीकी कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझाया। विद्यार्थियों ने नियंत्रण कक्ष की आधुनिक प्रणाली, वास्तविक समय में विद्युत प्रवाह का नियंत्रण, लाइन सुरक्षा तंत्र और आपातकालीन परिस्थितियों में किए जाने वाले संचालन की जानकारी बड़े ध्यान से प्राप्त की।



कक्षा में दी जाने वाली सैद्धांतिक शिक्षा से परे यह भ्रमण उनके लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ और उन्होंने विद्युत परिवहन व उपकेंद्र की जमीनी वास्तविकताओं को नजदीक से समझा।

## जीडीए ने दो भवन मालिकों पर लगाया जुमार्ना

**गाजियाबाद।** शहर में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण और अवैध निर्माण सामग्री के जमा होने की घटनाओं को देखते हुए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने कार्रवाई तेज कर दी है। मंगलवार को जीडीए ने एनजीटी के आदेश का उल्लंघन करने पर दो भवन मालिकों पर 20-20 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई शहर में प्रदूषण और गंदगी को रोकने के लिए की गई है। प्रवर्तन टीम ने विजयनगर के सैक्टर नौ में ए-627 के भवन मालिक सुरेंद्र चौधरी और न्यू पंचवटी में बी-271 के भवन मालिक रापय गोयल को यह जुमार्ना थोपते हुए नियमों का उल्लंघन रोकने का संदेश दिया।

## बंदरों का आतंकः कॉलोनियों में दिन-रात उत्पात, लोग बेहाल

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद,** वरिष्ठ संवाददाता। शहरवासियों के लिए बंदरों का आतंक अब रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करने लगा है। गाजियाबाद की कई कॉलोनियों में बंदर दिन-रात उत्पात मचा रहे हैं, जिससे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। हालात इतने गंभीर हैं कि कई कॉलोनियों के पार्क और घरों के आस-पास बंदरों के झुंड सक्रिय रहते हैं। गोविंदपुरम, शास्त्रीनगर, हरसांब, चिरंजीब विहार और बालाजी एन्कलेव जैसी कॉलोनियों के लोग घरों के बाहर भी सुरक्षित नहीं हैं। स्थानीय निवासी भूपेंद्र और संजीव कुमार का कहना है कि बंदरों की दहशत के कारण लोग पार्कों में नहीं जा पा रहे हैं और घरों के बाहर भी उन्हें डर का सामना करना पड़ता है। ऐसे में शहरवासियों के लिए रोजमर्रा की जिंदगी मुश्किल बन गई है। बंदरों के बढ़ते आतंक का मुख्य कारण वन विभाग और नगर निगम के बीच जिम्मेदारी विवाद है। हालात यह हैं कि मामले की जाँच अदालत में चल रही है, इसलिए वन विभाग और निगम दोनों ही बंदरों को पकडे में सक्रिय नहीं हो पा रहे हैं। जबकि तत्कालीन नगर आयुक्त दिनेश चंद्र ने शहर में दो हजार बंदरों को पकडे के लिए वन विभाग को पत्र भी लिखा था, बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। वन विभाग का कहना है कि बंदर पकडे का काम नगर निगम का है, जबकि नगर निगम का कहना है कि बंदर पकडे और जंगल में छोड़ने का कार्य वन विभाग का है। नगर निगम के उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज कुमार सिंह ने बताया कि हाल ही में दिल्ली में राष्ट्रीय बन्धाजीव बोर्ड की बैठक हुई थी। इसमें तय हुआ कि बंदरों को वन विभाग ही पकड़कर जंगल में छोड़ सकता है, जबकि नगर निगम खर्च वहन कर सकता है।

# अयोध्या में ध्वजा-रोहण का ऐतिहासिक पवर्ः पंचशील प्राइम रोज सोसाइटी राममय, श्रद्धा-संगीत और सामाजिक सद्भाव में डूबा पूरा परिसर

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** अयोध्या में मंगलवार का दिन इतिहास के स्वर्णाक्षरों में लिखे जाने योग्य बन गया, जब लगभग 500 वर्षों के संघर्ष, न्यायिक लड़ाइयों, समाजिक प्रतिबद्धता और करोड़ों हिंदुओं की गहरी आस्था के फलस्वरूप श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भव्य ध्वजा-रोहण सम्पन्न हुआ। प्रधानमंत्री द्वारा इस अनोखे क्षण की साक्षी बनते हुए ध्वजा-पूजन और ध्वज-रोहण ने पूरे विश्व में बसे सनातन संस्कृति के अनुयायियों के मन को गौरव और भावनात्मक ऊर्जा से भर दिया। अयोध्या में इस अवसर पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए और संपूर्ण नगर को हाई-सिक्योरिटी जोन में तब्दील कर दिया गया। लाखों श्रद्धालु विभिन्न राज्यों से पहुंचकर 'जय श्रीराम' के उद्घोष से आसमान को गुंजायमान करते रहे और पूरा शहर दिव्य आध्यात्मिक वातावरण में सराबोर रहा। इसी राष्ट्रीय और आध्यात्मिक उल्लास की लहर गाजियाबाद तक भी पहुंची, जहाँ पंचशील प्राइम रोज सोसाइटी ने इस ऐतिहासिक पल को विशिष्ट स्वरूप में मनाया। अयोध्या के मूल निवासी और समाजसेवी रविंद्र तिवारी, जो वर्तमान में इस सोसाइटी में रहते हैं, उनकी अगुवाई में टॉवर-7 परिसर में इतना भव्य और अनुशासित आयोजन हुआ कि पूरा परिसर मानो अयोध्या की पावन भूमि में बदल गया हो। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप-प्रज्वलन और मंगलाचार से हुआ। इसके बाद वेद-मंत्रोच्चार, हवन, पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन की मधुर ध्वनियों ने वातावरण को पूर्णतः आध्यात्मिक बना दिया। महिलाएँ, वृद्ध, बच्चे और युवा-सभी में उत्साह देखते ही बनता था। ढोल-नगाड़ों की ताल और 'जय श्रीराम' की गूंज ने सोसाइटी को दिव्य ऊर्जा से भर दिया। धार्मिक आस्था के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं का उदाहरण भी देखने को मिला, जब सोसाइटी के सफाईकर्मियों पर पुष्प-वर्षा कर उन्हें सम्मानित किया गया। यह दृश्य देखकर उपस्थित लोगों ने तालियों और हर्ष-ध्वनियों से आयोजन समिति का अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम में गोविंदपुरम क्षेत्र के सम्माननीय पार्षद श्री मनोज त्यागी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि श्रीराम केवल धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि मयार्दा, सेवा, त्याग, नेतृत्व और राष्ट्र-निष्ठा के आदर्श हैं, जिनसे प्रत्येक व्यक्ति और समाज दिशा प्राप्त करता है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सोसाइटी के सेंट्रल पार्क में हाई-मास्ट लाइट का भूमि-पूजन प्रायोजित किया और सोसाइटी मंदिर पर इंडिया-मार्क नल का लोकार्पण भी किया। इस घोषणा और शुभारंभ का निवासियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया और तालियों की गडगड़ाहट से पार्षद के संकल्प तथा कार्यों की सराहना की। इस समारोह में सोसाइटी के सदस्य अध्यक्ष नीरज सिंह, उर्वशी, संजय महाजन, अरुण गर्ग, संतोष तिवारी, प्रशांत चौधरी, संजय सिंह, आलोक सिंह, अखिलेश अग्रवाल, संजय गुप्ता, राकेश राय, राजेंद्र चौधरी, एच.पी. त्यागी, बत्रा जी, समय सिंह, भास्कर शर्मा, कौशलेंद्र शुक्ला, सुधीर वर्मा, संजय शर्मा, सुनील शर्मा, एच.पी. त्रिपाठी, सूरजपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में महिलाएँ, बच्चे और युवा मौजूद रहे।

